संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI REG. No.-CHHHIN/2004/15050
Po.Reg.No.-13/Sarguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

www.ghatatighatana.com
ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 21, अंक - 320 बुधवार 24 सितम्बर 2025, पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

## कोलकाता में भारी बारिश से बाढ़,7 की मौत

### सड़कों-घरों में पानी भरा,रेलवे-मेट्रो सर्विस ठप,ममता बोलीं- ऐसी बारिश कभी नहीं देखी



नई दिल्ली,23 सितम्बर 2025 (ए)। पश्चिम बंगाल के कोलकाता और उसके आसपास के इलाकों में सोमवार देर रात से मंगलवार सुबह तक मूसलाधार बारिश से बाढ़ आ गई। पानी में बिजली का करंट फैलने से अब तक सात लोगों की मौत हो गई है। कोलकाता में पिछले 24 घंटों में लगभग 247.5 मिमी बारिश हुई। शहर की कई सड़कों पर 3 फीट तक पानी भर गया है। यातायात व्यवस्था सुबह से चरमरा गई है। सड़कों पर खड़ी गाड़ियां आधी से ज्यादा डूब गई हैं। वहीं घरों और रेसिडेंशियल कॉम्प्लेक्स में भी पानी भरा है। सीएम ममता बनर्जी ने कहा- मैंने ऐसी बारिश पहले कभी नहीं देखी। जिन लोगों की जान गई है, उनके लिए उन्हें दुख है। हमारे घर भी पानी में डूब गए हैं। हम सब परेशान हैं। मुझे पूजा पंडालों के लिए भी बहुत बुरा लग रहा है। कोलकाता एयरपोर्ट पर पानी भरने और खराब मौसम के कारण 30 फ्लाइट्स रद्द कर दी गईं और 42 फ्लाइट्स लेट हो गईं। पानी भरने से शहीद खुदीराम और मैदान मेट्रो स्टेशन के बीच मेट्रो सेवा रोक दी गई है। हावड़ा और सियालदह डिवीजनों के रेलवे ट्रैक पर पानी भर गया है। इससे हजारदुआरी एक्सप्रेस (13113) और सियालदह जंगीपुर एक्सप्रेस (13177) ट्रेनें रद्द कर दी गई हैं। चितपुर यार्ड में पानी भरने से सर्कुलर रेलवे लाइन पर ट्रेनों की आवाजाही बंद है। बारिश के कारण कई जगह दुर्गा पूजा के पंडाल डूब गए तो कई खराब हो गए हैं। बंगाल सरकार ने बारिश के चलते पूरे राज्य में सभी सरकारी स्कूल और कॉलेजों में तय समय से दो दिन पहले ही दुर्गा पूजा की छुट्टियां कर दी हैं।

#### मंत्री पांजा बोलीं...जब दिल्ली-एनसीआर में पानी भरा, बीजपीने कुछ नहीं किया

बंगाल की मंत्री शशि पांजा ने कहा- कोलकाता के कुछ हिस्सों में जलभराव है और कुछ लोगों की जान भी गई है। कोलकाता नगर निगम अपना काम कर रहा है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी इस स्थिति से निपटने के लिए हर संभव कदम उठा रही हैं। भाजपा केवल सोशल मीडिया पर राज्य सरकार का विरोध कर रही है। जब दिल्ली और गुरुग्राम में पानी भरा था, तब भाजपा की ओर से कोई कार्रवाई नहीं हुई थी। आज, वे कोलकाता की स्थिति के बारे में बहुत कुछ बोल रहे हैं। हम इस तरह के मुद्दे के राजनीतिकरण की निंदा करते हैं।

#### कोलकाता में स्कूल-कॉलेज 2 दिन बंद सभी ऑफिस में दो दिन वर्क-फ्रॉम-होम

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि कोलकाता शहर और आसपास के कुछ इलाके बाढ़ से प्रभावित हैं। बिहार और उत्तर प्रदेश से फरक्का बैराज के जरिए भारी मात्रा में पानी आ रहा है जहां ड्रेजिंग न होने से समस्या और भी बदतर हो गई है। आज से सभी सरकारी स्कूल बंद रहेंगे। कॉलेज और विश्वविद्यालय अगले दो दिनों तक बंद रहेंगे। प्राइवेट और गवर्नमेंट ऑफिस में भी अगले दो दिनों तक वर्क-फ्रॉम-होम सिस्टम रहेगा। आपदा में जान गंवाने वाले पीड़ितों के परिवार के एक सदस्य को नौकरी दी जाएगी।

#### कोलकाता एयरपोर्ट के टरमैक पर पानी भरा

सोशल मीडिया पर तस्वीरों में मंगलवार सुबह एयरपोर्ट के टरमैक (प्लेन का पार्किंग एरिया) पर भी पानी भरा दिखा। एअर इंडिया और इंडिगो ने अपने पैसेंजर्स के लिए एडवाइजरी जारी की है। एयरलाइन कंपनियों ने कहा है कि आज फ्लाइट्स देरी से चल सकती हैं। लोगों से थोड़ा जल्दी घर से निकलने की अपील भी की गई है। कोलकाता एयरपोर्ट के एक अधिकारी ने बताया कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर मंगलवार को खराब मौसम के कारण 30 फ्लाइट्स रद्द कर दी गई हैं। 42 फ्लाइट्स अपने तय समय से लेट हैं।

#### ममता बोलीं...ऐसी बारिश पहले कभी नहीं देखी

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एक बंगाली न्यूज चैनल से बारिश के कारण आई बाढ़ पर कहा...मैंने ऐसी बारिश पहले कभी नहीं देखी। जिन लोगों की जान गई है, उनके लिए उन्हें दुख है। हमारे घर भी पानी में डूब गए हैं। हम सब परेशान हैं। मुझे पूजा पंडालों के लिए भी बहुत बुरा लग रहा है। ममता बनर्जी ने कहा...मैं कोलकाता मेयर, मुख्य सचिव और पुलिस के लगातार संपर्क में हूं। मैंने स्कूलों से कहा है कि आज छुट्टी कर दें, और ऑफिस जाने वाले लोग भी काम पर न आएं। कल भी,आपको काम पर नहीं आना चाहिए।

## अभिनेता मोहनलाल दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित

### पहला नेशनल अवॉर्ड लेकर भावुक दिखे शाहरुख,उन्हें और विक्रांत को बेस्ट एक्टर,रानी मुखर्जी को बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड



नई दिल्ली,23 सितम्बर 2025 (ए)। नई दिल्ली के विज्ञान भवन में मंगलवार को 71वें नेशनल फिल्म अवॉर्ड्स दिए गए। शाहरुख खान, विक्रांत मैसी को बेस्ट एक्टर और रानी मुखर्जी को बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड मिला। मलयाली एक्टर मोहनलाल को फिल्म जगत में उनके योगदान के लिए हिंदी सिनेमा के सबसे गौरवपूर्ण दादासाहेब फाल्के अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें शॉल पहनाई और गोल्डन लोटस अवॉर्ड दिया। इस दौरान मोहनलाल को स्टैंडिंग ओवेशन मिला।

#### सिनेमा मेरी आत्मा की धड़कन है : मोहनलाल

यह मेरे लिए महान गौरव और कृतज्ञता का पल है कि मैं आज यहां खड़ा हूं। मलयालम फिल्म इंडस्ट्री के प्रतिनिधि के रूप में यहां खड़ा होना मेरे लिए गौरवपूर्ण पल है। मैं अत्यंत विनम्र हूं कि मैं इस पुरस्कार का सबसे युवा प्राप्तकर्ता हूं और अपने राज्य से यह राष्ट्रीय मान्यता पाने वाला केवल दूसरा व्यक्ति हूं। यह पल सिर्फ मेरा नहीं है, यह पूरे मलयालम सिनेमा परिवार का है। सच कहूं तो, मैंने कभी इस पल का सपना देखने की हिम्मत भी नहीं की थी। अपने सबसे बड़े सपनों में भी नहीं। इसलिए यह सिर्फ कोई सपना सच होने जैसा नहीं है, यह उससे कहीं बड़ा, जादुई और पवित्र है। सिनेमा मेरी आत्मा की धड़कन है।

**शाहरुख खान, विक्रांत मैसी को बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड :** शाहरुख खान को फिल्म जवान और विक्रांत मैसी को फिल्म 12वी फेल के लिए बेस्ट एक्टर का नेशनल अवॉर्ड मिला है। मंच पर पहुंचे शाहरुख खान ने हाथ जोड़कर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का अभिवादन किया। अवॉर्ड लेते हुए वो भावुक नजर आए। रानी मुखर्जी को मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉर्वे के लिए बेस्ट एक्ट्रेस का नेशनल अवॉर्ड मिला। ये शाहरुख,विक्रांत और रानी तीनों के करियर का पहला नेशनल अवॉर्ड है। रानी मुखर्जी को फिल्म मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉर्वे के लिए अवॉर्ड मिला। मलयाली एक्ट्रेस उर्वशी को ओलूझुक्कू के लिए बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस का नेशनल अवॉर्ड दिया गया है, ये अवॉर्ड उन्होंने वश (गुजराती) फिल्म एक्ट्रेस जानकी बोड़ीवाला से साझा किया है।

## वोट चोरी,बेरोजगारी का सीधा रिश्ता : राहुल गांधी



नई दिल्ली,23 सितम्बर 2025 (ए)। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को फिर से बीजेपी पर वोट चोरी के आरोप लगाए हैं। उन्होंने ङ्क पर लिखा कि देश में युवाओं की सबसे बड़ी समस्या बेरोजगारी है और इसका सीधा रिश्ता वोट चोरी से है। उन्होंने बिहार के बेरोजगार युवाओं का वीडियो शेयर कर लिखा- जब कोई सरकार जनता का विश्वास जीतकर सत्ता में आती है तो उसका पहला कर्तव्य होता है युवाओं को रोजगार और अवसर देना। लेकिन बीजेपी चुनाव ईमानदारी से नहीं जीतती। वो वोट चोरी और संस्थाओं को कैद कर के सत्ता में बने रहते हैं। इसीलिए बेरोजगारी 45 साल के हाई लेवल पर पहुंच चुकी है। राहुल ने कहा कि देश का युवा मेहनत करता है, सपने देखता है और अपने भविष्य के लिए संघर्ष करता है। लेकिन मोदी जी सिर्फ अपने पीआर, सेलिब्रिटीज से अपना गुणगान करवाने और अरबपतियों के मुनाफे में बिजी हैं। युवाओं की उम्मीदों को तोड़ना और उन्हें हताश करना इस सरकार की पहचान बन चुकी है। राहुल ने कहा कि अब हालात बदल रहे हैं। भारत का युवा समझ चुका है कि असली लड़ाई सिर्फ नौकरियों की नहीं, बल्कि वोट चोरी के खिलाफ है। क्योंकि जब तक चुनाव चोरी होते रहेंगे, तब तक बेरोजगारी और भ्रष्टाचार भी बढ़ते रहेंगे। अब युवा न नौकरी की लूट सहेंगे, न वोट की चोरी। भारत को बेरोजगारी और वोट चोरी से मुक्त करना ही अब सबसे बड़ी देशभक्ति है।

## कांग्रेस ने छत्तीसगढ़,राजस्थान,तेलंगाना में डीसीसी अध्यक्षों के चयन के लिए 69 प्रेक्षकों की नियुक्ति की



नई दिल्ली,23 सितम्बर 2025 (ए)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने छत्तीसगढ़, राजस्थान और तेलंगाना में जिला कांग्रेस कमेटी (डीसीसी) अध्यक्षों के चयन के लिए कुल 69 प्रेक्षकों की नियुक्ति की है। पार्टी महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने मंगलवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि यह कदम संगठन सृजन अभियान के तहत उठाया गया है।

छत्तीसगढ़ में 17, राजस्थान में 30 और तेलंगाना में 22 प्रेक्षकों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। ये प्रेक्षक जिला कांग्रेस अध्यक्षों के चयन की प्रक्रिया की निगरानी करेंगे और अपनी रिपोर्ट पार्टी नेतृत्व को सौंपेंगे। छत्तीसगढ़ में नियुक्त प्रेक्षकों में सप्तगिरि उलाका, अजय कुमार लल्लू, सुबोध कांत सहाय, उमंग सिंगार, आर.सी. खुंटिया, राजेश ठाकुर, विवेक बंसल, डॉ. नितिन राउत, श्यामकुमार बर्वे, प्रफुल्ल गुडधे, चरण सिंह सापरा, विकास ठाकरे, हिना कावरे, रीता चौधरी, रिहाना रियाज चिश्ती, अजमतुल्ला हुसैनी और सीताराम लाम्बा शामिल हैं। राजस्थान के लिए नियुक्त प्रेक्षकों में विजय इंदर सिंगला, लालजी देसाई, गिदुगु रुद्र राजू, विकार रसूल वानी, यशोमति ठाकुर, यशपाल आर्य, भरत सिंह सोलंकी, कुलजीत सिंह नागरा, डॉ. अमी याज्ञनिक, अनिल चौधरी, सुभाष चोपड़ा, अशोक तंवर, परेश धनानी, राजेश तिवारी, सुखदेव भगत, सलीम अहमद, राजेश कछाप, राजेश लिलोठिया, अनिल भारद्वाज, रोहित चौधरी, गीता भुक्कल, कैप्टन प्रवीण डावर, केवल सिंह पठानिया, विमल चूड़ासमा, जेट्टी कुसुम कुमार, अमित सिहाग, ममता देवी, सुखदेव पांसे, अमित विज और शकीर सनादी शामिल हैं। तेलंगाना में नियुक्त प्रेक्षकों में वी. नारायणसामी, सी.पी. जोशी, शक्ति सिंह गोहिल, बेनी बेहनान, एंटो एंटनी, हिबी ईडन, जारिता लैटफलांग,शोभा ओझा, बी.वी. श्रीनिवास, अजय सिंह, रिजवान अरशद, टी. सिद्दीकी, सोफिया फिरदौस, निवास माने, अमीन पटेल, एम. नारायण स्वामी, सरत राउत, बिश्वरंजन मोहंती, नबज्योति पटनायक, देवाशीष पटनायक, जॉनसन अब्राहम और के. महेंद्रन शामिल हैं।

## ईडी ने सत्येंद्र जैन से जुड़ी 7.44 करोड़ रुपये की संपत्तियों को किया जब्त



नई दिल्ली,23 सितम्बर 2025 (ए)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आय से अधिक संपत्ति के मामले में दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री सत्येंद्र कुमार जैन से जुड़ी कंपनियों के 7.44 करोड़ रुपये की अचल-संपत्तियों को जब्त कर लिया है। केंद्रीय जांच एजेंसी की यह कार्रवाई धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत की गई है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने मंगलवार को एक बयान में बताया कि दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री सत्येंद्र कुमार जैन के स्वामित्व और नियंत्रण वाली कंपनियों की 7.44 करोड़ रुपये की अचल-संपत्तियों को अस्थायी रूप से जब्त किया गया है। ईडी ने यह कार्रवाई 15 सितंबर को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए),2002 के प्रावधानों के तहत की है। ईडी के मुताबिक इस मामले में अब तक कुर्क की गई संपत्तियों का कुल मूल्य 12.25 करोड़ रुपये (लगभग) है। ईडी ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की ओर से 24 अगस्त, 2017 में सत्येंद्र जैन, उनकी पत्नी पूनम जैन और अन्य के खिलाफ दर्ज एफआईआर के आधार पर उनके खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग की जांच शुरू की थी। इसमें आरोप लगाया गया था कि तत्कालीन दिल्ली सरकार के मंत्री ने फरवरी, 2015 से लेकर मई 2017 के बीच आय से अधिक संपत्ति अर्जित की। सीबीआई ने दिसंबर, 2018 में अपना आरोपपत्र दाखिल किया।

## मैंने भारत-पाकिस्तान जंग रुकवाई : ट्रम्प

### कहा...दुनिया में 7 जंग रोकने की जिम्मेदारी यूएन की थी,लेकिन यह काम मुझे करना पड़ा



वॉशिंगटन डीसी,23 सितम्बर 2025 (ए)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगलवार को फिर भारत-पाकिस्तान की बीच जंग रुकवाने का दावा किया। उनके बोलने के लिए 15 मिनट तय थे, लेकिन उन्होंने 55 मिनट तक भाषण दिया। न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र की सामान्य सभा को संबोधित करते हुए ट्रम्प ने कहा- दुनिया में जारी 7 जंग रुकवाने की जिम्मेदारी संयुक्त राष्ट्र की थी, लेकिन मैंने ये सभी जंग खत्म कराईं। ट्रम्प ने अवैध प्रवासियों, अमेरिका के आर्थिक हालात, रूस-यूक्रेन जंग, इजराइल-हमास जंग, कार्बन फुट प्रिंट जैसे मुद्दों पर अपनी बात रखी। ट्रम्प के भाषण की शुरुआत में टेलिप्रॉम्प्टर खराब हो गया। इस पर उन्होंने कहा कि इससे उन्हें कोई दिक्कत नहीं है, इस तरह आप दिल से बात कर पाते हैं। अपने दूसरे कार्यकाल में पहली बार ट्रम्प ने यूएनजीए को संबोधित किया। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति रहते आखिरी बार 2020 में यूएन को संबोधित किया था। भाषण के बाद अब ट्रम्प यूएन महासचिव एंटोनियो गुटेरेस और यूक्रेन, अर्जेंटीना, यूरोपीय यूनियन के नेताओं से अलग-अलग मिलेंगे।

## फिल्म इंडस्ट्री में इस्तेमाल होने वाले सभी उपकरणों का निर्माण भारत में होगा : वैष्णव



नई दिल्ली,23 सितम्बर 2025 (ए)। केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को कहा कि जल्दी ही फिल्म इंडस्ट्री में इस्तेमाल किये जाने वाले सभी उपकरणों का निर्माण भारत में होगा। मंत्रालय ने इस काम को हाथ में लिया है और इस दिशा में तेजी से काम किया जा रहा है। मंगलवार को अश्विनी वैष्णव विज्ञान भवन में आयोजित 71 वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देशों अनुसार भारत को कंटेट क्रियेशन का हब बनाना है। विश्व के सामने हम एक नए फार्मेट में प्लैटफार्म को क्रियेट करेंगे। इसी दिशा में पहल करते हुए वेव्स मुंबई की शुरुआत की गई जिसमें कई देशों से बड़ी बड़ी कंपनियों के लोग शामिल हुए। उन्होंने प्रतिभागियों के अनुभव साझा करते हुए कहा कि लोग तीसरे देश के सम्मेलन में भाग लेने आए सोच कर आए थे लेकिन जब उन्होंने सम्मेलन को देखा तो उन्हें विश्व के अग्रणी देशों का अनुभव मिला। इस कार्यक्रम में एक लाख से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। 140 सेशन आयोजित किए गए, 3000 से अधिक बीटूबी सत्र आयोजित किए गए। पहले भारत से लोग दूसरे देशों में जाते थे लेकिन अब विश्व भारत की तरफ देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि हाल ही में ऑस्ट्रेलिया में, साउथ कोरिया, कनाडा में सब जगह वेव्स बाजार के माध्यम से कंटेंट क्रियेटर को नया बाजार मिल रहा है।

## अलीगढ़ में 4 दोस्तों समेत 5 की जिंदा जलकर मौत

### तेज रफ्तार सीएनजी कार का टायर फटा,डिवाइडर तोड़ते हुए कैंटर से टकराई



अलीगढ़,23 सितम्बर 2025 (ए)। अलीगढ़ में हाईवे पर चार दोस्त समेत 5 लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई। यहां 100 की स्पीड से जा रही सीएनजी कार का अचानक टायर फट गया। इससे कार बेकाबू होकर डिवाइडर तोड़ते हुए दूसरे साइड से जा रहे कैंटर से जा टकराई। राहगीरों ने एक कार सवार को खींचकर बाहर निकाला। इसके बाद तेज धमाका हुआ, फिर दोनों वाहनों में आग लग गई। हादसे के दौरान कार में 5 लोग सवार थे। इनमें चार लोग और कैंटर चालक जिंदा जल गए। कार चला रहे लड़के का अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना की सूचना पर पुलिस फायर ब्रिगेड की टीम के साथ मौके पर पहुंची। 20-25 मिनट में आग बुझाई गई। इसके बाद पुलिस ने देखा तो शवों के सिर्फ कंकाल बचे थे। बॉडी बैग में पुलिस सभी शवों को भरकर ले गई। मरने वालों में दो मौसेरे भाई थे। पुलिस के मुताबिक, सभी कार सवार हाथरस के रहने वाले थे, जो आपस में दोस्त थे। कार एटा से अलीगढ़, जबकि कैंटर अलीगढ़ से एटा की तरफ जा रहा था। हादसा अकराबाद थाना क्षेत्र के गोपी पुल के पास मंगलवार सुबह करीब साढ़े 5 बजे हुआ। प्रत्यक्षदर्शी सत्यभान ने बताया कि बेकाबू कार रॉन्ग साइड से कैंटर में टकराई। मैं दौड़कर वहां पहुंचा। कार से एक लड़के को खींचकर बाहर निकाला। जब तक दूसरे लोगों को बाहर निकालते, दोनों वाहनों में धमाके के साथ आग लग गई। मेरे सामने सभी लोग जिंदा जल गए। कार देखकर हाईवे से जा रहे राहगीर रुक गए। हम लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। 10-15 मिनट बाद पुलिस फोर्स फायर ब्रिगेड के साथ मौके पर पहुंची। इसके बाद आग बुझाई गई।

#### हाईवे पर जाम लगा क्रेन से हटवाए गए वाहन

हादसे की सूचना पर एसपी देहात अमृत जैन भी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस का कहना है कि कार का नंबर प्लेट जल गया है। उसके चेसिस नंबर से एड्रेस तलाश रही है। एड्रेस मिलने पर परिजनों को सूचना दी जाएगी। शव पोस्टमॉर्टम हाउस में रखवाए गए। हादसे के चलते हाईवे पर जाम लग गया था। क्रेन बुलाकर जली हुई गाड़ियां को हटवाया गया।

## सुप्रीम कोर्ट की एम करुणानिधि की मूर्ति लगाने पर रोक

### तमिलनाडु सरकार से कहा...नेताओं के महिमा मंडन के लिए जनता के पैसों का इस्तेमाल न करें



चेन्नई,23 सितम्बर 2025 (ए)। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को तमिलनाडु सरकार को फटकार लगाते हुए कहा कि नेताओं का महिमामंडन करने के लिए जनता के पैसों का इस्तेमाल क्यों किया जाए। राज्य सरकार पूर्व मुख्यमंत्री एम करुणानिधि की मूर्ति लगाने की परमिशन के लिए याचिका लेकर पहुंची थी। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा की बेंच ने कहा- इसकी अनुमति नहीं है। आप अपने पूर्व नेताओं के महिमामंडन के लिए जनता के पैसों का इस्तेमाल क्यों कर रहे हैं? सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार से याचिका वापस लेने और मद्रास हाईकोर्ट जाने को कहा। मद्रास हाईकोर्ट ने सार्वजनिक स्थानों पर मूर्तियां लगाने पर रोक लगा दी थी।

## जम्मू-कश्मीर से 71 CRPF कंपनी वापस बुलाने के आदेश



नई दिल्ली,23 सितम्बर 2025 (ए)। नई जम्मू-कश्मीर में तैनात सीआरपीएफ की 85 कंपनियों (8500 जवान) में से 71 कंपनियों को वहां हटने के आदेश दिए गए हैं। इन सभी कंपनियों को उनके मूल सेक्टर में वापस जाने को कहा गया है। केवल 14 कंपनियां ही जम्मू-कश्मीर में तैनात रहेंगी। सूत्र इसके पीछे की एक बड़ी वजह केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा देश को मार्च 2026 से पहले नक्सलमुक्त करने के ऐलान को भी मान रहे हैं। जिसमें टारगेट पूरा करने के लिए जल्द ही छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, तेलंगाना और झारखंड जैसे नक्सली प्रभावित राज्यों में नक्सलियों के खिलाफ बड़ा अभियान चलाया जा सकता है। जिसकी तैयारियों के तहत यह कदम उठाया गया है।

#### 10 सेक्टरों में भेजा जाएगा वापस

इन कंपनियों को छत्तीसगढ़, उत्तराखंड, झारखंड, मध्य प्रदेश, उड़ीसा और बिहार समेत 10 सेक्टरों में वापस भेजे जाने के आदेश दिए गए हैं। जबकि चार सेक्टर की 14 कंपनियों को अभी जम्मू-कश्मीर में ही तैनात रहने के लिए कहा गया है।

सूत्रों का कहना है कि अमरनाथ यात्रा खत्म होने के बाद सीएपीएफ की कंपनियों को वापस बुलाने के आदेश के पीछे केंद्र सरकार की एक बड़ी मंशा देश को नक्सलमुक्त कराने के टारगेट को पूरा करने की भी है। इसके लिए जल्द ही छत्तीसगढ़ समेत देश के उन राज्यों में सरकार कोई बड़ा अभियान चलाने की योजना बना रही है। जहां-जहां नक्सली अधिक सक्रिय हैं।

## कर्नाटक में जाति जनगणना शुरू 7 अक्टूबर तक जारी रहेगी

बेंगलुरु,23 सितम्बर 2025 (ए)। कर्नाटक हाईकोर्ट राज्य में हो रही जाति जनगणना को चुनौती देने वाली जनहित याचिका पर आज सुनवाई करेगा। याचिका में जाति जनगणना के पीछे राजनीतिक मंशा का आरोप लगाया गया है। हालांकि, राज्य सरकार का कहना है कि कल्याणकारी कार्यक्रमों के लिए आंकड़े जरूरी हैं। चीफ जस्टिस विभु बाखरू और जस्टिस सीएम जोशी की बेंच अंतरिम रोक की अपील पर सुनवाई करेगी। सुनवाई के दौरान जाति जनगणना अंतरिम रोक लगाने का फैसला हो सकता है। इधर, कर्नाटक में सामाजिक और शैक्षणिक सर्वे यानी जाति जनगणना सोमवार से शुरू हो गई है। ट्रेनिंग के चलते ग्रेटर बेंगलुरु क्षेत्र में एक-दो दिन की देरी हो सकती है। यह सर्वे 7 अक्टूबर तक चलेगा। कर्नाटक राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग इस सर्वे को करवा रहा है। इसमें 1.75 लाख कर्मचारी शामिल होंगे, जिनमें ज्यादातर सरकारी स्कूल के टीचर होंगे।

## संपादकीय

# सरल जीएसटी संरचना से बढ़ेगा उपभोग

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्र के नाम संबोधन में इस बात का उल्लेख किया कि वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संरचना में बदलाव से आम लोगों के लिए वस्तु एवं सेवाएं किस हद तक सस्ती हो जाएंगी और कंपनियों के लिए कारोबार संचालन कितना आसान हो जाएगा। वस्तु एवं सेवा कर परिषद (जीएसटी काउंसिल) ने इस महीने की शुरुआत में जीएसटी व्यवस्था में नई संशोधित दरों के प्रस्ताव पर मुहर लगाई थी। जीएसटी परिषद की 56वीं बैठक में मुख्य रूप से दो दरों 5 फीसदी और 18 फीसदी वाली व्यवस्था अपनाने का निर्णय लिया गया। अधिकांश वस्तु एवं सेवाएं इन्हीं दो कर श्रेणियों में आएंगी जबकि अहितकर वस्तुओं पर 40 फीसदी की दर लागू होगी। परिषद ने कुछ अहितकर वस्तुओं को छोड़कर अन्य पर क्षतिपूर्ति उपकर भी हटा दिया। कोविड-19 महामारी में राज्यों को हुए राजस्व नुकसान की भरपाई के लिए गए ऋण चुकता होने तक कुछ अहितकर वस्तुओं पर उपकर की व्यवस्था लागू रहेगी। संभवतः उपकर अगले कुछ महीनों में पूरी तरह समाप्त हो जाएंगे। जीएसटी संरचना सरल होने के बाद निःसंदेह सभी संबंधित पक्षों को फायदा पहुंचेगा। सरकार को उम्मीद है कि आयकर राहत के साथ जीएसटी दरें कम होने के बाद देश में उपभोग को बढ़ावा मिलेगा। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन इस बात का जिक्र किया कि आयकर दरों और जीएसटी में संशोधनों से भारत के लोग कुल मिलाकर 2.5 लाख करोड़ रुपये बचत कर पाएंगे। इन बदलावों से देश में उपभोग बढ़ना चाहिए मगर यह किस सीमा तक बढ़ेगा इसका पता कुछ समय बाद ही चल पाएगा। इन बदलावों का एक दूसरा पक्ष यह है कि इनसे सरकार के राजस्व संग्रह पर असर होगा। राज्यों को मिलने वाले राजस्व पर अधिक असर पड़ने की उम्मीद है क्योंकि केंद्र सरकार के कर संग्रह का भी एक हिस्सा राज्यों को मिलता है। गौर करने की बात है कि भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) ने पिछले सप्ताह राज्यों की वित्तीय स्थिति पर एक विशेष रिपोर्ट जारी की। हालांकि,यह रिपोर्ट वर्ष 2022-23 के लिए है इसलिए इसके आंकड़े नए नहीं हैं और मोटे तौर पर सभी इनसे अवगत हैं। मगर इस रिपोर्ट में पिछले एक दशक का विश्लेषण एवं शोध चर्चा योग्य हैं खासकर इसलिए भी क्योंकि ये कर दरें घटाए जाने के समय जारी हुए हैं। इस रिपोर्ट में दर्शाया गया है कि राज्यों में सार्वजनिक ऋण समग्र स्तर पर परिपूर्ण रूप में वर्ष 2013-14 और 2022-23 के बीच बढ़कर 3.39 गुना हो गया। सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) के फीसदी के रूप में सार्वजनिक ऋण उक्त अवधि में 16.66 फीसदी से बढ़कर 22.96 फीसदी हो गया। लोक लेखा देनदारियों पर विचार करने के बाद राज्यों की कुल देनदारी जीएसडीपी का लगभग 28 फीसदी हो गई है। पिछली राज्य वित्त रिपोर्ट (दिसंबर 2024) में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा संकलित आंकड़ों के अनुसार बाद के वर्षों में देनदारी और बढ़ गई है। कर्ज का स्तर बढ़ने का मतलब है कि राज्यों पर इन्हें चुकाने का बोझ भी बढ़ गया है जिससे अन्य कार्यों के लिए उनके पास आर्थिक संसाधन कम बच रहे हैं। लगभग 10 राज्यों का ब्याज के मद में भुगतान उनके कुल व्यय का 10 फीसदी से अधिक पहुंच गया था। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि कुछ राज्यों ने अपने वित्तीय संसाधनों का बेहतर प्रबंधन किया है मगर राजस्व में संभावित नुकसान कमजोर राज्यों पर अधिक असर डाल सकता है। वृहद स्तर पर देश एक सरल जीएसटी व्यवस्था की तरफ कदम बढ़ा चुका है जिसका निश्चित रूप से स्वागत किया जाना चाहिए। इसके बावजूद पिछले कुछ सप्ताह के दौरान कई विशेषज्ञों ने जीएसटी व्यवस्था में अगले चरण के सुधारों की आवश्यकता पर बहस छेड़ दी है।

# स्वस्थ हरियाणा की ओरःगुटखा-पान मसाला पर बैन

**हरियाणा सरकार ने गुटखा,पान मसाला और तंबाकू पर पूर्ण बैन लगाने का फैसला किया है। अब इन उत्पादों की बिक्री करने पर 10 लाख रुपये तक का जुर्माना लगेगा। हर महीने राज्य में लगभग 4000 नए कैंसर मरीज सामने आ रहे हैं। गुटखा और तंबाकू न केवल स्वास्थ्य, बल्कि सामाजिक और आर्थिक दृष्टि से भी हानिकारक हैं। यह कदम लोगों को हानिकारक आदतों से बचाने और नई पीढ़ी को स्वस्थ जीवन की ओर प्रेरित करने के लिए उठाया गया है। जागरूकता और शिक्षा अभियान के माध्यम से इस बैन का प्रभाव और बढ़ाया जा सकता है।**



डॉ. प्रियंका सौरभ
हिसार,हरियाणा




हरियाणा सरकार ने हाल ही में एक साहसिक और अहम फैसला लेते हुए पूरे राज्य में गुटखा, पान मसाला और तंबाकू के सेवन और बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है। इस फैसले के तहत इन उत्पादों को बेचने वाले दुकानदारों और वितरकों पर 10 लाख रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। यह कदम केवल कानूनी कार्रवाई नहीं है, बल्कि यह लोगों के स्वास्थ्य और समाज की भलाई के लिए उठाया गया एक निर्णायक कदम है। हर महीने हरियाणा में कम से कम 4000 नए कैंसर मरीज सामने आ रहे हैं। यह आंकड़ा न केवल चिंताजनक है, बल्कि यह दर्शाता है कि गुटखा, पान मसाला और तंबाकू जैसी हानिकारक आदतें हमारे समाज में कितनी तेजी से फैल रही हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञ लंबे समय से इस समस्या की ओर इशारा कर रहे थे, और अब सरकार ने ठोस कदम उठाकर इस गंभीर स्थिति से निपटने का प्रयास किया है।

गुटखा, पान मसाला और तंबाकू का सेवन केवल एक आदत नहीं, बल्कि यह गंभीर बीमारियों का कारण भी है। लंबे समय तक इसका सेवन मुंह, गले और पाचन तंत्र के कैंसर का खतरा बढ़ाता है। इसके अलावा, यह हृदय रोग, फेफड़ों की समस्याएं और अन्य गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं को भी जन्म देता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, तंबाकू के सेवन से हर साल लाखों लोग अपनी जान गंवाते हैं। भारत में भी तंबाकू और गुटखा से होने वाली बीमारियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। हरियाणा सरकार का यह बैन इस स्वास्थ्य संकट को कम करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसका सीधा प्रभाव यह होगा कि लोग इन हानिकारक उत्पादों से दूरी बनाएंगे और नई पीढ़ी भी इनसे बचने के लिए प्रेरित होगी। साथ ही यह कदम उन दुकानदारों और वितरकों के लिए भी चेतावनी है जो इन उत्पादों को बेचकर लोगों की जान को खतरे में डाल रहे हैं। तंबाकू और गुटखा का सेवन केवल स्वास्थ्य पर ही नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक दृष्टि से भी हानिकारक है। हरियाणा में कई गरीब परिवार अपनी सीमित आय का एक बड़ा हिस्सा गुटखा और तंबाकू जैसी चीजों पर खर्च कर देते हैं। यह न केवल उनके आर्थिक जीवन को कमजोर करता है, बल्कि बच्चों की पढ़ाई और परिवार की अन्य जरूरी जरूरतों पर भी असर डालता है। सामाजिक दृष्टि से देखा जाए तो तंबाकू और गुटखा का सेवन युवा पीढ़ी में भी तेजी से बढ़ रहा है। स्कूल और कॉलेज के छात्र इन उत्पादों का प्रयोग कर रहे हैं, जो कि भविष्य में गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं की नींव डालता है। सरकार का यह कदम इस प्रवृत्ति को रोकने और युवाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

सिर्फ बैन लगाना ही पर्याप्त नहीं है। लोगों में जागरूकता और शिक्षा भी उतनी ही जरूरी है। स्कूल, कॉलेज और स्थानीय समुदायों में स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता अभियान चलाना आवश्यक है। जब तक लोग तंबाकू और गुटखा के खतरों के बारे में सही जानकारी नहीं पाएंगे, वे इनसे दूरी नहीं बनाएंगे। स्वास्थ्य मंत्रालय और स्थानीय प्रशासन को मिलकर विभिन्न अभियान चलाने चाहिए, जिसमें कैंसर और अन्य गंभीर बीमारियों के खतरों के बारे में जानकारी दी जाए। इसके साथ ही, लोगों को स्वास्थ्य सुधार के वैकल्पिक उपाय और तंबाकू से मुक्त जीवन जीने के तरीके भी बताने चाहिए। हरियाणा सरकार का यह निर्णय केवल स्वास्थ्य की दृष्टि से ही नहीं, बल्कि कानूनी और प्रशासनिक दृष्टि से भी अहम है। 10 लाख रुपये तक का जुर्माना एक ऐसा प्रोत्साहन है जो दुकानदारों को इन उत्पादों की बिक्री से रोकने में मदद करेगा। इसके अलावा, यह कदम समाज में संदेश भेजता है कि स्वास्थ्य से खिलवाड़ करना गंभीर अपराध है। इस बैन के लागू होने के बाद अन्य राज्यों में भी इसका प्रभाव देखा जा सकता है। यह कदम एक मिसाल बनेगा कि कैसे राज्य स्तर पर स्वास्थ्य सुरक्षा और कानून का संयोजन कर लोगों को सुरक्षित बनाया जा सकता है। हरियाणा सरकार का यह फैसला न केवल स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से आवश्यक है, बल्कि यह समाज और युवा पीढ़ी के लिए भी एक संदेश है कि हानिकारक आदतों से दूरी बनाना ही बेहतर जीवन की कुंजी है। तंबाकू, गुटखा और पान मसाला जैसी चीज़ें केवल स्वास्थ्य को नुकसान नहीं पहुँचातीं, बल्कि परिवार और समाज पर भी आर्थिक और सामाजिक दबाव डालती हैं। इस बैन से समय के साथ राज्य में तंबाकू और गुटखा से संबंधित बीमारियों की संख्या घटने की उम्मीद है। इसके साथ ही जागरूकता और शिक्षा कार्यक्रमों के माध्यम से लोग स्वस्थ जीवन की ओर प्रेरित होंगे।

यह कदम हरियाणा में स्वास्थ्य क्रांति की शुरुआत है और इसे सफल बनाने के लिए पूरे समाज, प्रशासन और परिवारों को मिलकर काम करना होगा। अंततः, यह निर्णय यह संदेश देता है कि स्वास्थ्य सर्वोपरि है और समाज के हित में ठोस कदम उठाना किसी भी कीमत पर आवश्यक है। हरियाणा का यह उदाहरण पूरे देश के लिए एक प्रेरणा बन सकता है कि स्वास्थ्य सुरक्षा और कानूनी उपायों के माध्यम से भविष्य की पीढ़ियों को बीमारियों से बचाया जा सकता है।

# मैडम भीकाजी कामाःविदेश में तिरंगा ध्वज फहराने वाली प्रथम भारतीय



प्रमोद दीक्षितमलय
बांदा,उ. प्र.

भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में पुरुषों के साथ ही महिलाओं ने भी अतुलनीय योगदान दिया है। भारत की आजादी के लिए क्रांतिपथ का वरण करने तथा विदेश में अंग्रेजों के विरुद्ध वातावरण बनाने में जिस महनीय व्यक्तित्व ने आरंभिक योगदान दिया वह मैडम भीकाजी कामा नाम से लोक विश्रुत हैं। स्मरणीय है, मैडम भीकाजी कामा ने ही प्रथम बार विदेशी भूमि पर अंग्रेजों के विरुद्ध आजादी के प्रतीक ध्वज को फहराया था?। भीकाजी का जन्म एक समृद्ध पारसी कुल में 24 सितम्बर, 1861 को मुम्बई में हुआ। पिता सोराबजी पटेल एवं जैजीबाई की वात्सल्य छांव में भीकाजी घर-आंगन में खुशियां लुटाने लगी। पिता बालिका शिक्षा के पक्षधर थे, उन्होंने भीकाजी का प्रवेश अलेक्जेंड्रिया गर्ल्स इंग्लिश इंस्टीट्यूट'' में करा दिया। स्कूल में उसने अपनी रुचि एवं परिश्रम से अंग्रेजी भाषा और गणित में विशेष योग्यता हासिल की। वर्ष 1885 में व्यापारी एवं वकील रुस्तमजी कामा के साथ विवाह हुआ जो ब्रिटिश सरकार के समर्थक और प्रशंसक थे जबकि भीकाजी पति के स्वभाव से ठीक विपरीत प्रखर राष्ट्रभक्त और अंग्रेज सरकार की घोर आलोचक।

वर्ष 1896 में महाराष्ट्र प्लेग की चपेट में आ गया। मुम्बई और पुणे में प्लेग ने महामारी का रूप ले लिया। भीकाजी स्वयं के स्वास्थ्य की परवाह किए बिना प्लेग रोगियों की सेवा-साधना में जुट गईं। लगातार रोगियों के सम्पर्क में रहने के कारण वह भी प्लेग रोग से संक्रमित हो गईं। सघन उपचार से वह ठीक तो हुईं लेकिन शारीरिक रूप से काफी कमजोर और निर्बल हो जाने से चिकित्सकों की सलाह पर बेहतर इलाज और जलवायु परिवर्तन के लिए वह 1902 में लंदन के लिए रवाना हुईं। लंदन पहुंचना उनके लिए वरदान सिद्ध हुआ। वहां उनकी भेंट प्रसिद्ध क्रान्तिकारी श्यामजी कृष्ण वर्मा से हुई। इस भेंट ने उनके क्रान्तिमय जीवन की जमीन को न केवल दृढ किया बल्कि भावी क्रांतिपथ की आधारशिला भी रख दी। उन्होंने 1905 में श्यामजी कृष्ण वर्मा और वीर सावरकर की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन में भारत के ध्वज का पहला डिजायन बनाया। वह लंदन, फ्रांस, अमेरिका और जर्मनी प्रवास करते हुए भारतीय क्रान्तिकारियों को हर तरह से सहयोग-सम्बल प्रदान करने लगीं जिससे भारत और शेष दुनिया में भारत के संघर्ष की गाथा को सुना जाने लगा। वह कहती थीं, ''भारत को आजाद होना चाहिए, भारत एक गणतंत्र होना चाहिए, भारत में एकता होनी चाहिए।'' 22 अगस्त, 1907 को जर्मनी के स्टुटगार्ट शहर में समाजवादी विचारधारा का वैश्विक सम्मेलन हुआ। सम्मेलन में सहभागिता हेतु वीर सावरकर और श्यामजी कृष्ण वर्मा ने भीकाजी को जर्मनी भेजा।सम्मेलन में सम्मिलित हो रहे सभी प्रतिनिधियों के देशों के ध्वज कार्यक्रम स्थल पर सम्मान के साथ फहराए गये थे लेकिन भारत के ध्वज के रूप में यूनियन जैक को फहरते देख भीकाजी का खून खौल उठा और उन्होंने भारत का अपना ध्वज फहराने का निश्चय कर अपने साथ लाये गये भारतीय तिरंगे ध्वज को फहराते हुए उपस्थित प्रतिनिधियों के सम्मुख ओजस्वी भाषण देते हुए कहा, ''यह भारतीय स्वतंत्रता का ध्वज है। इसका जन्म हो चुका है। हिन्दुस्तान के युवा वीर सपूतों के रक्त से यह पहले ही पवित्र हो चुका है।'' सभी ने ध्वज का वंदन कर एक तरह से भारतीय स्वतंत्रता के ध्वज को मान्यता प्रदान कर दी। इस ध्वज में ऊपर से क्रमशः हरी, पीली और लाल तीन क्षैतिज पट्टियां थीं। हरी पट्टी में कमल के खिले आठ पुष्प टंके हुए थे जो तत्कालीन भारत के आठ राज्यों के प्रतीक थे। बीच की पट्टी में देवनागरी लिपि में वंदेमातरम् अंकित था और लाल पट्टी में बायीं ओर सूरज एवं दायीं ओर चांद के चित्र बने हुए थे जो हिन्दू और इस्लाम के प्रतीक थे। यह झण्डा भारत में आज भी एक धरोहर के रूप में सुरक्षित रखा हुआ है। विदेश में भीकाजी की अति सक्रियता से अंग्रेजों में भय व्याप्त हो गया और इस कारण उनके भारत प्रवेश पर रोक लगा दी गयी। इतना ही नहीं, भारत में उनकी सारी सम्पत्ति भी जब्त कर ली गई। अंग्रेजों में भीकाजी का इतना खौफ था कि लन्दन प्रवास के समय उनके मारने की गुप्त योजना भी बना डाली लेकिन समय रहते जानकारी हो जाने से वह लंदन छोड़कर 1909 में पेरिस चली गईं और अंग्रेज हाथ मलते रह गये। होमरूल आंदोलन में भी सहयोग किया। जेनेवा से 1909 में लाला हरदयाल द्वारा प्रकाशित ''वंदेमारत' साप्ताहिक पत्र में सहयोग किया जो प्रवासी भारतीयों के मध्य बहुत लोकप्रिय हुआ। बर्लिन से 1910 में 'तलवार' नाम से भी एक समाचार पत्र निकाला। लंदन में रहते हुए आपने पुस्तक प्रकाशन का भी काम किया। वीर सावरकर की प्रसिद्ध पुस्तक '1857 का स्वतंत्रता संग्राम' के प्रकाशन एवं वितरण में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन् किया। प्रथम विश्व युद्ध के समय उन्हें दो बार गिरफ्तार किया गया। वह लंदन प्रवास के समय दादाभाई नौरोजी की निजी सचिव रहीं। भारतीय



क्रान्तिकारी उन्हें 'भारतीय क्रान्ति की जननी' मानते थे। एक बार अखबारों में उनका चित्र जॉन आफ आर्क के साथ छपा जिसे देखकर अंग्रेज सरकार चौकन्नी हो गई और भीकाजी कामा पर नजर रखने लगी। तीस साल तक भारत से बाहर रहते हुए मैडम कामा ने यूरोप और अमेरिका में भाषण देकर और समाचार पत्रों में लेख लिख कर अंग्रेजों की दमनकारी नीतियों एवं भारतीय जनता पर किये जा रहे अत्याचारों का सच दुनिया के सामने रख भारत की आजादी की मांग रखी। वह स्त्री-शिक्षा की प्रबल हिमायती थीं और तमाम समस्यायों की जड़ महिलाओं की अशिक्षा को मानती थीं। वह महिला अधिकारों और उनके स्वावलम्बन की पैरोकार थीं। अत्यधिक प्रवास एवं श्रम के चलते मैडम कामा का स्वास्थ्य लगातार गिर रहा था। वे अपना अंतिम समय भारत की पावन माटी और सुवासित मलय समीर के सान्निध्य में बिताना चाहती थीं। अपने देश के प्रति इस उत्कट प्रेम के कारण वे 1935 में भारत में प्रवेश करने की पाबंदी के बावजूद स्वदेश आयीं पर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। 13 अगस्त, 1936 को बीमारी के कारण मैडम भीकाजी कामा ने भारत की पवित्र भूमि को अंतिम प्रणाम करते हुए नश्वर देह त्याग दी। भारत के डाकतार विभाग ने 26 जनवरी, 1962 को भीकाजी के अविस्मरणीय योगदान को स्वीकारते हुए उन पर पन्द्रह नये पैसे का एक डाक टिकट जारी किया। भारतीय तटरक्षक दल ने 1997 में अपने एक युद्धक पोत के जलावतरण के समय उसे भीकाजी का नाम देकर स्वयं गौरवान्वित हुआ है। इतना ही नहीं भारत के कई नगरों एवं कस्बों की गलियों एवं सड़कों के नाम भीकाजी पर रखे गये हैं ताकि भावी पीढ़ी उनके अतुलनीय योगदान से परिचित हो सके। वडोदरा (गुजरात) के क्रांति वन में जर्मनी में फहराये गये पहले ध्वज के साथ भीकाजी की स्थापित प्रतिमा का वंदन-अभिनंदन शशि-सूर्य नित कर रहे हैं। भीकाजी कामा का जीवन हमें प्रेरणा देता रहेगा।

## कविता



रवींद्र कुमार शर्मा
घुमारवीं
जिला बिलासपुर हि प्र

### मेरा बचपन

समय था बहुत पुराना
वह भी क्या था ज़माना
जब सबके घर में थे झांकते
बेरोकटोक था आना जाना

पट्टी पर गाज़ण थे चढ़ाते
नाल की कलम से थे लिखते जाते
केले के पत्तों को जलाकर बनती थी स्याही
कलम से हाथ मुंह काले करके थे घर आते

किताबें नई नहीं थी होती
पुरानी से काम थे चलाते
हर साल नहीं बदलते थे किताबें
बड़े भाई बहिन की किताब से थे पढ़ जाते

सैल से निकालते थे कांटा
पट्टी पर लाइनें उसी से थे लगाते
मशक देते थे उसी से अध्यापक
कान भी खींचते थे डंडे भी थे बरसाते

जूते नहीं होते थे
नंगे पांव स्कूल थे जाते
अरमानों से भरी काग़ज़ की किश्ती
बरसात के पानी में खूब थे चलाते

पैसा नहीं होता था जेब में
फिर भी कागज़ के जहाज थे उड़ाते
गुल्ली डंडा बहुत थे खेलते
गुल्ली को बहुत दूर थे गिराते

आजकल के बच्चे टैब हैं चलाते
पर हम लकड़ी की पट्टी पर थे लिखते जाते
स्लेट के ऊपर स्लेटी से थे लिखते
गलत को झट थूक से थे मिटाते

अब वह बचपन न जाने कहाँ खो गया
पीठ पर भारी बस्ता जमाने को क्या हो गया
नौनिहाल करे तो क्या करे
होम वर्क करते करते ही सो गया

## शांति का प्रतीकःमाँ चंद्रघंटा



स्वर्णाभ आभा में लिपटी, दिव्य प्रभा की ज्योति हो तुम,
सिंहवाहिनी महाशक्ति, सकल ब्रह्मांड की स्रोतस्वरूप तुम।
मस्तक पर अर्धचंद्र की रेखा, सौंदर्य का अनुपम ज्योतिलोक,
चरणों में जिनके सुर नृत्य करें,वंदनीय चंद्रघंटा महाशक्ति घोटक।

करों में शस्त्र लिए हो आठ, नव चेतना की दीप-ज्योति तुम,
शत्रु संहारिणी रणचंडी हो, फिर भी ममतामयी छांव हो तुम।
घंटे की नाद से कांपे पाप, अधर्म थर्राए, क्रूरता गले लग जाए,
भक्तों के कण-कण में समा जाओ, माँ! जब प्रेम से कोई गाए।

तेरा स्वरूप मधुर भीषण, कोमलता में भी गर्जना हो तुम,
कभी बनीं करुणा की सरिता, कभी वज्रधारिणी महिमा छाई।
भवसागर की नौका है तुम्हारी, साधना की पतवार हो तुम,
त्रिलोकी में जिसकी चर्चा हो, ऐसी अलौकिक धार हो तुम।

माथे पे जो शोभित चंद्रतारा, चंद्रकलातीत रूप की छाया,
तेरे दर्शन से अंधेरा हट जाए, जीवन में खुशियां छा जाये।
सिंह की सवारी तू करती, भय की सारी सीमाएँ तोड़े रहती,
एक दृष्टि तेरी जब पढ़े हृदय, भीतर का अंधकार भी छोड़े।

नवरात्रि का तृतीय दिवस है, हो तेरे चरणों में अर्पित हो,
तू शक्ति, शांति, साहस की देवी, जीवन को कर दे पवित्र!
घंटानाद से जागृत कर दो, आत्मा की गूढ़ तरंगित कर दो,
माँ चंद्रघंटा,तुममें ही बसी है, सृष्टि की हर जीवित उमंग हो।

ओ माँ चन्द्रघटा ! चंद्रवदनी, करुणा की नंदनी,
तेरे नाम की सुगंध से महके जीवन की भावों की चंदनी।
तेरे चरणों में अर्पित कर दूँ, अपने मन की हर पीड़ा-व्यथा,
दे शक्ति ऐसी कि अडिग रहूँ मैं, चाहे जैसी भी हो राह मेरी।

जय माँ चंद्रघंटा! तेरी ध्यान धरू,
संकल्प हमारा रहे, भक्ति तुम्हारी रहे,
मैं कर दूँ अपने जीवन को समर्पित।



रूपेश कुमार
चैनपुर,सीवान
बिहार

# प्राकृतिक ऊर्जा और देवी शक्ति के संचार के प्रतीक हैं नवरात्रि के नौ दिन



विजय कुमार शर्मा
(विनायक फीचर्स)

हिंदू धर्म में माता दुर्गा की पूजा को नवरात्रि के रूप में नौ दिन तक मनाने की प्राचीन परंपरा रही है। यह केवल एक धार्मिक रिवाज नहीं है, बल्कि इसके पीछे गहरी आध्यात्मिक प्रतीकात्मक और प्राकृतिक दृष्टि से महत्व छुपा है। नवरात्रि का यह पर्व हमें यह सिखाता है कि भक्ति, तप और संयम ही जीवन की कठिनाइयों से मुक्ति और आंतरिक शक्ति प्राप्त करने का मार्ग हैं। माता दुर्गा के नौ स्वरूपों- शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कुष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री, की पूजा प्रत्येक दिन अलग-अलग विधि और मंत्रों के साथ होती है। प्रत्येक स्वरूप जीवन के अलग-अलग गुणों का प्रतीक है। शैलपुत्री साहस और ज्ञान का संदेश देती हैं, ब्रह्मचारिणी तप और संयम का प्रतीक हैं, कालरात्रि बुराई पर विजय का मार्ग दिखाती हैं, और सिद्धिदात्री आध्यात्मिक उन्नति और सिद्धियों की प्राप्ति का संकेत देती हैं। इसी कारण नवरात्रि के नौ दिन केवल भक्ति का अभ्यास नहीं, बल्कि जीवन में गुणों का संचार और आत्मशक्ति का विकास भी हैं।

देवी भागवत में भी कहा गया है-

***या देवी सर्वभूतेषु शक्तिरूपेण संस्थिता।***
***नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः॥***

अर्थात-सभी जीवों में जो शक्ति रूपी देवी रूप से प्रतिष्ठित हैं, उनका मैं बार-बार, तीन बार, नमन करता हूँ। यह श्लोक हमें याद दिलाता है कि देवी शक्ति हर जीव और प्रकृति में व्याप्त है, और उसकी भक्ति से ही जीवन में सकारात्मक ऊर्जा आती है। देवी दुर्गा ने महिषासुर नामक दुष्ट असुर का वध नौ दिनों तक युद्ध करके किया था। इसी घटना से नवरात्रि के नौ दिन निर्धारित हुए। यह केवल एक कथा नहीं, बल्कि यह संदेश देती है कि सच्ची भक्ति, तप और संयम से हर कठिनाई पर विजय पाई जा सकती है। इसी संदर्भ में ब्रह्मवैवर्त पुराण में लिखा है-

**सर्वशत्रुनिवृत्त्या दुर्गा भवति महेश्वरी।**
**शरणागतदीनार्तिनां रक्षामि हरिषु च॥**

अर्थात मैं दुर्गा, सभी शत्रुओं को नष्ट करने वाली, शरणागत और दीन-हीन प्राणियों की रक्षा करने वाली हूं। यह श्लोक हमें शक्ति और सुरक्षा की अनुभूति देता है। नौ दिन की अवधि में उपवास, मंत्र जाप और विशेष पूजा विधियों से व्यक्ति का मन और शरीर शुद्ध और संतुलित होता है। यह समय भक्त को आत्मनिरीक्षण, संयम, धैर्य और आध्यात्मिक अनुशासन सीखने का अवसर देता है। साथ ही नवरात्रि का समय प्रकृति के ऋतु परिवर्तन- वसंत और शरद - से जुड़ा होता है, जब प्रकृति में नया जीवन और ऊर्जा उत्पन्न होती है। नवरात्रि के नौ दिन इस प्राकृतिक ऊर्जा और देवी शक्ति के संचार का प्रतीक हैं। संक्षेप में, माता की पूजा नौ दिन तक करने का उद्देश्य केवल धार्मिक क्रिया नहीं,बल्कि नौ देवी रूपों का सम्मान, जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार, बुराई पर विजय और आत्मिक उन्नति है। नवरात्रि हमें यह संदेश देती है कि जीवन में सच्ची भक्ति, तप और संयम से हर कठिनाई पर विजय पाई जा सकती है और व्यक्ति अपनी आंतरिक शक्तियों और गुणों के माध्यम से सम्पूर्ण जीवन में संतुलन और सफलता प्राप्त कर सकता है।




समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटाराअम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।
-सम्पादक

# मूंगफली खाने की बात पर हुई लड़ाई के बाद पिता-पुत्र को बोलेरो से रौंदा,दूसरा बेटा गंभीर






-संवाददाता-
अंबिकापुर/सूरजपुर,23 सितम्बर 2025 (घटती-घटना)।
रामानुजगनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम तिवरागुड़ी में 22 सितंबर की देर रात पिता व उसके दो पुत्रों को बोलेरो से कुचल दिया। बोलेरो से कुचलने की घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। घटना में पिता व उसके बड़े पुत्र की मौत हो गई, जबकि छोटा बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना से पूर्व खेत से मूंगफली खाने के विवाद हुआ था। इसी बात को लेकर वारदात को अंजाम दिया गया है। रामानुजनगर थाना क्षेत्र के ग्राम तिवरागुड़ी निवासी त्रिवेणी रवि 41 वर्ष ने अपने खेत में मूंगफली की खेती की है। फसल लगभग तैयार हो चुकी है। सोमवार की शाम उसका छोटा बेटा करण 16 वर्ष खेत की रखवाली करने गया था। इस दौरान वह खेत के मेड़ पर बैठकर मूंगफली खा रहा था। इसी दौरान उसका रिश्तेदार नर्मदा सोनवानी अपने 2 पुत्रों ओमप्रकाश समेत एक अन्य के साथ वहां बोलेरो से पहुंचा। नर्मदा सोनवानी ने भी बगल के खेत में मूंगफली की खेती की है।

उन्होंने करण को मूंगफली खाते देखा और यह कहते हुए उसकी पिटाई कर दी कि वह उनके खेत की मूंगफली उखाड़कर खा रहा है। तीनों ने उसे रॉड से बेदम पीटा और उसका मोबाइल तोड़ दिया। यह बात जब त्रिवेणी को पता चली तो वह अपने बड़े बेटे राजा बाबू 21 वर्ष के साथ वहां पहुंचा और बेटे करण की पिटाई पर आपत्ति जताई। इसके बाद नर्मदा सोनवानी ने अपने दोनों बेटों के साथ मिलकर त्रिवेणी व उसके दोनों बेटों को फिर पीटा। मारपीट के बाद पीड़ित त्रिवेणी अपने दोनों पुत्रों के साथ थाने में पहुंचा और शिकायत दर्ज कराई। इस पर पुलिस ने नर्मदा व उसके दोनों पुत्रों को वहां बुलाया। यहां पुलिस के सामने दोनों पक्षों के बीच विवाद हुआ। इस बीच नर्मदा सोनवानी के पुत्र ओमप्रकाश ने बोलेरो चढ़ाकर मार डालने की धमकी भी दी। थाने से जब त्रिवेणी व उसके दोनों पुत्र बाइक से घर जाने लगे तो 2 बार उन्हें बोलेरो से टक्कर मारने की कोशिश की गई, लेकिन वे किसी तरह बच निकले। इसकी शिकायत उन्होंने फिर थाने में की, लेकिन पुलिस की ओर से मामले को ज्यादा तवज्जो नहीं दिया गया।

थाने में शिकायत करने के बाद त्रिवेणी रवि अपने बड़े पुत्र राजा बाबू व छोटे पुत्र करण के साथ बाइक से घर लौट रहा था। इसी बीच रात करीब 11 बजे ग्राम नकना चौक के पास नर्मदा सोनवानी के पुत्र ओमप्रकाश ने तेज रफ्तार बोलेरो से उन्हें कुचल दिया। इससे तीनों हवा में करीब 10 फीट उछलते हुए एक घर की दीवार व खंभे से टकरा गए।

इस दौरान त्रिवणी रवि व उसके बड़े पुत्र राजा बाबू की मौके पर पही मौत हो गई।,जबकि छोटे पुत्र करण रवि को गंभीर हालत में सूरजपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इधर सूचना पर पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई है,वे फरार हैं। बाइक सवार पिता व पुत्रों को बोलेरो से कुचलने की घटना ग्राम नकना चौक के पास एक घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। वीडियो में देखा जा सकता है कि काफी तेज रफ्तार में बोलेरो ने पिता-पुत्रों को टक्कर मारी है। इसके बाद कुछ देर तक वे तड़पते रहे, इसके बाद उनके शरीर में कोई हलचल नजर नहीं आई।

## सम्मान एवं सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम संपन्न
# मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के मुख्य आतिथ्य में दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठजनों का स्वास्थ्य परीक्षण



-संवाददाता-
सूरजपुर,23 सितम्बर 2025 (घटती-घटना)।
सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत आज दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठजनों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण, सम्मान एवं सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े शामिल हुईं। इस अवसर पर विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा दिव्यांगजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा शिविर लगाकर मेडिकल प्रमाण पत्र भी बनाए गए। जरूरतमंदों को सहायक उपकरण भी प्रदान किए गए। कार्यक्रम के दौरान सभी अतिथियों ने लोगों से मां के नाम से एक पेड़ लगाने की अपील की।

सभा को संबोधित करते हुए मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने नवरात्रि की शुभकामनाएं दीं और कहा कि सेवा पखवाड़ा के दौरान स्वास्थ्य, स्वच्छता और कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित अनेक गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन किसी की दया नहीं बल्कि सम्मान के हकदार हैं। उन्होंने दिव्यांग विवाह सहायता योजना, रोजगारपरक योजनाओं और आत्मनिर्भर बनने के लिए चलाई जा रही सरकारी पहल की जानकारी दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्री भूलन सिंह मरावी ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर यह सेवा पखवाड़ा आयोजित किया गया है।

इसके अंतर्गत दिव्यांगजनों और वरिष्ठजनों को लाभान्वित करने के लिए शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने दिव्यांगों से जीवन में कभी हार न मानने और आत्मविश्वास बनाए रखने की अपील की। इस अवसर पर जिला रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष ने रक्तदान और अंगदान के लिए लोगों को प्रेरित किया। साथ ही इस दौरान मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने नशामुक्ति के लिए शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम में प्रेमनगर विधायक श्री भूलन सिंह मरावी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती चंद्रमणि पैकरा, उपाध्यक्ष श्रीमती रेखलाल रजवाड़े, जिला पंचायत सीईओ श्री विजेंद्र सिंह पाटले, मुरली मनोहर सोनी, जिला रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

# दुर्गा पूजा महोत्सव में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन
## 50 प्रतिभागियों ने लिया भाग




-संवाददाता-
अंबिकापुर,23 सितम्बर 2025 (घटती-घटना)।
समाज सेवी संस्था अनोखी सोच द्वारा भव्य दुर्गा पूजा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष आयोजन का दसवां वर्ष है, जिसे और भी विशेष बनाने हेतु विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला शुरू की गई है। इसी क्रम में सोमवार को मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें शहर भर से प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता का उद्देश्य भारतीय संस्कृति, परंपरा और कला को प्रोत्साहित करना तथा प्रतिभागियों की रचनात्मकता को मंच प्रदान करना था। कार्यक्रम में कुल 50 प्रतिभागियों ने जूनियर और सीनियर वर्ग में भाग लिया। सभी ने पारंपरिक और आधुनिक डिज़ाइनों के माध्यम से मेहंदी कला की विविधता और सुंदरता को प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। प्रतियोगिता का मूल्यांकन रचनात्मकता, सौंदर्य, सजावट और साफ-सुथरे प्रस्तुतीकरण के आधार पर किया गया। निर्णायक मंडल में संध्या सिंह, अल्का अरुण मिश्रा, शालु अग्रवाल, पूनम शुक्ला, श्वेता सिंह बघेल एवं कृति अग्रवाल शामिल रहीं। विजेता प्रतिभागियों को आकर्षक पुरस्कार और इनामी राशि कार्यक्रम के फिनाले में सम्मानित कर प्रदान की जाएगी। आयोजन को सफल बनाने में अनोखी सोच संस्था के अध्यक्ष प्रकाश साहू सहित सभी सदस्य सक्रिय रूप से उपस्थित रहे।

# बाइक चोरी के माले में आरोपी गिरफ्तार



-संवाददाता-
सीतापुर,23 सितम्बर 2025 (घटती-घटना)।
बाइक चोरी के मामले में सीतापुर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार फिरोज लकड़ा ग्राम सोनतराई भूलसीटिकरा थाना सीतापुर का रहने वाला है। इसकी बाइक 22 मई को शादी कार्यक्रम से चोरी हो गई थी। वह मामले की रिपोर्ट सीतापुर थाने में दर्ज कराई थी। पुलिस विवेचना कर रही थी। विवेचना के दौरान पुलिस ने उक्त बाइक को चलाते संदेही को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो वह चोरी करना बताया। पुलिस बाइक को जब्त कर आरोपी राजेश यादव उर्फ राजू पिता पीताम्बर यादव उम्र 22 वर्ष निवासी दिवानपुर थाना पत्थलगांव जिला जशपुर को गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर दिया है।

# ट्राइबल टाइगर ने न्यू फुटबॉल क्लब को 4-1 से हराया,सरगुजा 11 ने भटगांव को 3-0 से मात



-संवाददाता-
अंबिकापुर,23 सितम्बर 2025 (घटती-घटना)।
गांधी स्टेडियम में आयोजित संभाग स्तरीय नॉकआउट कम लीग फुटबॉल प्रतियोगिता में आज दो रोमांचक मैच खेले गए। पहले मैच में ट्राइबल टाइगर अंबिकापुर ने न्यू फुटबॉल क्लब जामदोहर को 4-1 से पराजित किया। मैच की शुरुआत में ट्राइबल टाइगर ने अपनी ताकत दिखाई और खेल के 5वें मिनट में पहला गोल कर बढ़त बनाई। इसके बाद जामदोहर को पेनाल्टी मिली, जिसे गोल में बदलकर स्कोर 1-1 कर दिया गया। दूसरे हाफ में ट्राइबल टाइगर ने बेहतर तालमेल दिखाया और लगातार तीन गोल कर मैच अपने नाम कर लिया। दूसरे मैच में सरगुजा 11 ने बॉयज क्लब भटगांव को 3-0 से हराया। पहला हाफ दोनों टीमों के लिए संतुलित रहा, लेकिन 6 नंबर जर्सी पहनने वाले नील भूषण ने शानदार गोल कर सरगुजा 11 को बढ़त दिलाई। दूसरे हाफ में भी सरगुजा 11 ने दबाव बनाते हुए नीतिश और नील भूषण के एक-एक गोल से बढ़त बढ़ाई और मैच 3-0 से जीतकर सुपर लीग में अपनी अच्छी शुरुआत की। आज के मैच के निर्णायक दिनेश तिर्की, विल्सन कुजूर, आयुष अंकुश, अनुप्रास, अखिलानंद, कमलेश्वर और दीपक कुजूर रहे। 24 सितंबर को प्रतियोगिता के अगले दो मैच होंगे।

## पीजी कॉलेज अंबिकापुर के ऑडिटोरियम में भाजयुमो सरगुजा संभाग की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न
# युवा शक्ति राष्ट्र की दिशा तय करती है:पवन साय



-संवाददाता-
अंबिकापुर,23 सितम्बर 2025 (घटती-घटना)।
गत सोमवार को पीजी कॉलेज अंबिकापुर के ऑडिटोरियम में भारतीय जनता युवा मोर्चा सरगुजा संभाग की महत्वपूर्ण बैठक गरिमामय माहौल में संपन्न हुई। इस कार्यक्रम में प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिया, छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल, भाजपा प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी, गृह निर्माण मंडल प्रदेश अध्यक्ष अनुराग सिंह देव, युवा आयोग प्रदेश अध्यक्ष विश्वविजय सिंह तोमर, भाजपा सरगुजा जिला अध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया, बलरामपुर जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल, अंबिकापुर नगर निगम महापौर श्रीमती मंजूषा भगत एवं भाजपा प्रदेश मंत्री शिवनाथ यादव एवं पूर्व जिलाध्यक्ष ललन प्रताप सिंह मंच पर मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक में सरगुजा संभाग के विभिन्न जिलों से पहुंचे भाजयुमो कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। अपने संबोधन में प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने कहा कि संगठन का प्रत्येक कार्य समाज और राष्ट्र निर्माण से जुड़ा होता है। भाजपा विचारधारा राष्ट्रहित में समर्पित है और युवा शक्ति ही आने वाले समय की दिशा तय करती है। कार्यकर्ताओं को चाहिए कि संगठन द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों को जिम्मेदारी और निष्ठा के साथ क्रियान्वित करें, ताकि पार्टी की विचारधारा समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। युवा अपने आचरण और सेवा भाव से समाज में विश्वास और ऊर्जा का संचार करें। नवनियुक्त भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिया ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा युवा मोर्चा के हजारों कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ हैं। हमें जनता से जुड़कर उनके बीच रहना है, उनके सुख-दुख में सहभागी बनना है। सेवा पखवाड़ा अंतर्गत चल रहे कार्यक्रम केवल औपचारिकता नहीं हैं, बल्कि यह समाज की वास्तविक जरूरतों को पूरा करने का संकल्प है। युवा मोर्चा पूरी निष्ठा और एकजुटता के साथ संगठन को मजबूत बनाएगा। मंच संचालन भाजयुमो सरगुजा जिला महामंत्री अंशुल श्रीवास्तव ने किया एवं आभार प्रदर्शन युवा मोर्चा संभाग प्रभारी जितेंद्र देवांगन ने किया। बैठक में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, युवा मोर्चा पदाधिकारी और समाज के विभिन्न वर्गों के लोग उपस्थित थे।

# ज्वेलरी दुकान के कारिगर ने 12.870 ग्राम सोना और 1.72 लाख रुपए लेकर की धोखाधड़ी

-संवाददाता-
अंबिकापुर,23 सितम्बर 2025 (घटती-घटना)।
कोतवाली थाना क्षेत्र में स्थित एक ज्वेलरी दुकान से सोना और नकद लेकर कारिगर फरार हो गया। पीड़ित संचालक की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, स्कूल रोड गुरुद्वारा के पास निवासी वीरेंद्र सोनी की लक्ष्मी ज्वेलर्स नामक दुकान है। उनके यहां पश्चिम बंगाल के पश्चिम मेदिनीपुर जिले के दासपुर-1 क्षेत्र के ग्राम लोदा निवासी वरुण बेरा नामक युवक कारिगर के रूप में कार्यरत था। वरुण बेरा 12 ग्राम 870 मिलीग्राम सोना छिलाई के लिए ले जाने की बात कहकर दुकान से निकला था। बाद में वापस आकर उसने संचालक को बताया कि कुछ दिनों बाद छिलाई कर सोना लौटा देगा।

# रकम दुगनी करने के नाम पर निवेशकों से धोखाधड़ी के मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार



-संवाददाता-
अंबिकापुर,23 सितम्बर 2025 (घटती-घटना)।
शुभ साई डीकोन इंडिया लिमिटेड नामक कंपनी द्वारा निवेशकों से रकम दुगनी करने का झांसा देकर धोखाधड़ी किए जाने के मामले में फरार आरोपी को गांधीनगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। अंबिकापुर के मानिकप्रकाशपुर निवासी सियाराम एक्का को जानकारी मिली कि शुभ साई डीकोन इंडिया लिमिटेड में पैसे निवेश करने पर 6 वर्षों में रकम दुगनी हो जाएगी। इसके बाद उन्होंने पीजी कॉलेज के सामने, मनेन्द्रगढ़ रोड स्थित कंपनी के कार्यालय में जाकर संपर्क किया, जहां जमुना चौहान, ओमप्रकाश धीवर और प्रकाश मणी ने कंपनी की योजनाओं की जानकारी दी। सियाराम ने कंपनी में 1000 रुपये मासिक के हिसाब से 13 किश्तों में कुल 13 हजार रुपये जमा किए। साथ ही वह कंपनी का एजेंट भी बन गया और अपने परिचितों से भी निवेश करवाया। लेकिन जून 2015 में जब वह पैसा जमा करने कंपनी के कार्यालय पहुंचा, तो वहां ताला लटका मिला। कंपनी के सभी पदाधिकारियों के मोबाइल बंद मिले और कार्यालय खाली मिला। प्रार्थी की शिकायत पर थाना गांधीनगर में धारा 420, 34 के तहत रिपोर्ट दर्ज किया गया था।

# पुलिस ने यू पी से दबोच लाई डीजल चोरी करने वाले दो डीजल तस्करों को आरोपियों से 540 लिटर डीजल किया बरामद कर भेजा सलाखों के अंदर



-संवाददाता-
सनावल,23 सितम्बर 2025 (घटती-घटना)।
बलरामपुर जिले के सनावल पुलिस ने उत्तर प्रदेश से बोलोरो वाहन से अवैध रूप से डीजल की तस्करी करने वाले दो आरोपी को गिरफ्तार, कर 540 लीटर डीजल भी किया गया बरामद कर भेजा सलाखों के अंदर। जानकारी के अनुसार दिनांक 22.09.2025 को सनावल पुलिस को देहात भ्रमण के दौरान जरिए मुखबिर से सुचना मिला था कि ग्राम सागोबंध बभनी सोनभद्र उत्तर प्रदेश अंतरराज्यीय सीमा से होते त्रिशुली से होकर चार पहिया वाहन बोलेरो क्रमांक यूपी70 बीई3092 में दो व्यक्ति अवैध रूप से प्लास्टिक जरिकेन में भारी मात्रा में डीजल लोड कर तस्करी बिक्री करने हेतु सनावल रामचंद्रपुर की ओर ले जा रहे हैं। सनावल पुलिस के द्वारा प्राप्त सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर गवाहों के साथ त्रिशुली रोड़ पचावल पुलिया के पास नाकाबंदी कर बोलेरो वाहन क्रमांक यूपी70 बीई3092 को रोक कर चेक किया गया। चेक करने पर पाया गया, बोलेरो वाहन के अन्दर 18 नग जरकीन में ज्वलनशील पदार्थ डीजल लोड होना पाया गया, जिसको लेकर उक्त संबंध में वैध दस्तावेज पेश करने संबंध में नोटिस दिया गया, जिसपर आरोपियों के द्वारा कोई कागजात पेश नही करने पर धारा 287,3(5) बी एन एस एवं 3,7 ई.सी. एक्ट का अपराध घटित करना सबूत पाये जाने से मौके पर अपराध कायम कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया। तपश्चात घटना में संलिप्त आरोपियों 01. निरज कुमार पिता सरमन 27 वर्ष निवासी मनरूटोला थाना बभनी, जिला सोनभद्र, 02. संदीप कुमार पिता रामबरन जाति रौनियार उम्र 23 वर्ष निवासी सागोबांध, थाना बभनी जिला सोनभद्र (उ. प्र.) के द्वारा बोलेरो वाहन क्रमांक यूपी70 बीई3092, से जप्त किए गए जिसकी कीमत लगभग 250000/- आंकी गई, एवं 18 नग प्लास्टिक जरिकेन में कुल 540 लीटर डीजल जिसकी कीमत 51300/- रूपये आंकी गई, जिसे अवैध रूप से बिक्री हेतु परिवहन करना पाये जाने पर मौके पर बरामदगी पंचनामा तैयार कर गवाहो के समझ जप्ती कर कार्यवाही एवं कब्जा लिया गया। एवं आरोपीयो के विरूद्ध अपराध घटित करने का पर्याप्त सबूत पाये जाने से पुलिस अभिरक्षा में लेकर जप्ती माल के साथ थाना आकर नम्बरी अपराध क्रमांक 56/2025 धारा 287,3(5) बी एन एस, 3,7 ई सी एक्ट कायम कर विवेचना में लेकर आरोपियो को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। साथ ही मामले के अन्य पहलुओं पर विवेचना जारी है। कार्यवाही में उनि गजपति मिर्रे थाना प्रभारी सनावल, एवं स उ नि गौटिया राम मरावी, प्र आर. 537 सुखदेव पैकरा, आरक्षक 257, 766 सक्रीय रहे टीम।

# हसदेव जंगल बचाने गांधी चौक में एक दिवसीय धरना,खनन परियोजनाएं रद्द करने की मांग



-संवाददाता-
अंबिकापुर,23 सितम्बर 2025 (घटती-घटना)।
जैव विविधता से भरपूर और छत्तीसगढ़ की जीवनदायिनी नदियों के जलग्रहण क्षेत्र हसदेव अरण्य को बचाने की माँग को लेकर हसदेव अरण्य बचाओ संघर्ष समिति (सरगुजा) द्वारा 23 सितम्बर 2025 को गांधी चौक, अंबिकापुर में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के माध्यम से हसदेव जंगल की अंधाधुंध कटाई और कोयला खनन परियोजनाओं को तत्काल बंद करने की माँग की गई। समिति ने मुख्यमंत्री और राज्यपाल के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। धरने में वक्ताओं ने कहा कि हसदेव अरण्य क्षेत्र में राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड को परसा ईस्ट केते बासेन, परसा और केंते एक्सटेंशन कोल ब्लॉक आवंटित किए गए हैं, जिन्हें अदानी समूह को संचालित करने दिया गया है। इन परियोजनाओं के तहत 12 लाख से अधिक पेड़ों की कटाई की जा रही है। यह क्षेत्र लेमरू हाथी रिजर्व, प्राचीन रामगढ़ पहाड़ी,और कई संकटग्रस्त वन्यजीवों व वनस्पतियों का प्राकृतिक आवास है। खनन से न केवल पारिस्थितिक तंत्र को भारी नुकसान हो रहा है, बल्कि हाथियों का रहवास खत्म होने से मानव-हाथी संघर्ष भी तेजी से बढ़ा है, जिसमें अब तक सैकड़ों लोग और दर्जनों हाथियों की जान जा चुकी है। धरने में वक्ताओं ने यह भी याद दिलाया कि 26 जुलाई 2022 को छत्तीसगढ़ विधानसभा में सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों की सहमति से हसदेव अरण्य क्षेत्र के सभी कोल ब्लॉक निरस्त करने का प्रस्ताव* पारित किया गया था। बावजूद इसके, राज्य सरकार ने पूर्व निर्णयों को पलटते हुए खनन परियोजनाओं को फिर से स्वीकृति दे दी है। समिति ने यह भी बताया कि छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजाति आयोग की जांच में परसा कोल ब्लॉक की ग्रामसभा की फर्जी स्वीकृतियों की पुष्टि हुई है, जिसकी अनुशंसा के बावजूद अब तक कार्यवाही नहीं हुई।

भारतीय वन्यजीव संस्थान की रिपोर्ट ने भी चेतावनी दी है कि यदि हसदेव क्षेत्र में खनन जारी रहा, तो पूरे राज्य में हाथी संघर्ष भयावह रूप ले लेगा। प्रदर्शन में उपस्थित भानु प्रताप सिंह, त्रिभुवन सिंह, जी. डी. सोड़ी, उमेश्वर सिंह आर्मो, आलोक शुक्ला, आनंद प्रकाश सहित कई वक्ताओं ने सरकार से तुरंत कार्यवाही करने की माँग करते हुए चेतावनी दी कि यदि माँगों पर अमल नहीं हुआ, तो प्रदेशभर में व्यापक और सतत जन आंदोलन चलाया जाएगा।



# कुदरगढ़ रोपवे निर्माण के भूमिपूजन कार्यक्रम में क्या नहीं पहुंचना चाहती थी मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े या उनके पहुंचने से पहले भूमिपूजन कार्यक्रम संपन्न करना पहले से था प्रायोजित ?

## क्षेत्रीय विधायक कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े भूमिपूजन कार्यक्रम में नहीं आईं नजर...

- कुदरगढ़ ट्रस्ट के अध्यक्ष वन विकास निगम के अध्यक्ष रामसेवक पैकरा एवं सुरजपुर विधायक की उपस्थिति में हुआ भूमिपूजन...
- श्रेय की होड़ में मंत्री का नहीं किया गया इंतजार साथ ही जिले में भाजपा में गुटबाजी चरम पर है जैसी बातें भी दे रही सुनाई...

-ओंकार पाण्डेय-

सुरजपुर,23 सितम्बर 2025 (घटती-घटना)। जिले के प्रसिद्ध तीर्थस्थल कुदरगढ़ जो एक शक्तिपीठ भी है जो सुरजपुर जिले में स्थित है में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रोपवे का निर्माण किया जाना अब निश्चित हो गया, सोमवार 22 सितंबर 2025 के दिन माता बागेश्वरी धाम के लिए रोपवे निर्माण की शुरुआत हो गई और जिसका विधिवत भूमिपूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ,इस कार्यक्रम में कुदरगढ़ ट्रस्ट के अध्यक्ष वन विकास निगम के अध्यक्ष रामसेवक पैकरा सुरजपुर विधायक मुख्य रूप से मौजूद रहे और जिस कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े की उपस्थिति नहीं नजर आई और रामसेवक पैकरा सहित सूरजपुर विधायक भूलन सिंह मरावी की उपस्थिति में ही भूमिपूजन कार्यक्रम संपन्न किया गया। अब कार्यक्रम में मंत्री साथ ही क्षेत्रीय विधायक लक्ष्मी राजवाड़े क्यों नहीं पहुंची और क्यों उनके बिना उपस्थिति यह कार्यक्रम संपन्न किया गया जबकि वह कार्यक्रम की अपेक्षित अतिथि थीं यह तो स्पष्ट नहीं हो पा रहा है लेकिन क्या मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े की बिना उपस्थिति कार्यक्रम सम्पन्न किया जाना पूर्व प्रायोजित था या वह ज्यादा ही विलंब से पहुंचने वाली थीं इसलिए उनका इंतजार नहीं किया गया ऐसे सवाल जरूर खड़े हो रहे हैं। वैसे सोशल मिडिया में अलग अलग बातें लिखी जा रही हैं कुछ का कहना है कि मंत्री जी के लिए जातिगत वोटबैंक महत्वपूर्ण था इसलिए वह कुदरगढ़ कार्यक्रम में नहीं पहुंच सकीं या नहीं पहुंचना चाहती थीं वहीं कुछ का कहना है कि यह विभिन्न कार्यक्रमों की व्यस्तता थी जिस कारण मंत्री जी को विलंब हुआ और बिना उनके इंतजार भूमिपूजन कार्यक्रम संपन्न कर लिया गया,वैसे बातें कई तरह की हो रही हैं और गुटबाजी की भी बात जिले की सामने आ रही है वहीं श्रेय मंदिर रोपवे निर्माण का भी एक विषय सामने आ रहा है जिसमें श्रेय मंत्री न ले जाएं इसलिए भी उनके पहुंचने से पूर्व भूमिपूजन किया गया ऐसी बातें कहीं जा रही हैं और इनमें से कौन से बात सही है यह अब तक स्पष्ट नहीं है,कुछ लोगों का कहना है कि पूर्व मंत्री वर्तमान में कुदरगढ़ ट्रस्ट के अध्यक्ष साथ ही वन विकास निगम के अध्यक्ष रामसेवक पैकरा नहीं चाहते थे कि रोपवे निर्माण जैसे बड़े कार्य की उपलब्धि मंत्री ले जाएं इसलिए उन्होंने निश्चित समय पर भूमिपूजन करा दिया और मंत्री का एक मिनट भी अधिक इंतजार नहीं किया वहीं जिले की भाजपा में गुटबाजी चरम पर है ऐसी बातें भी कहीं जा रही हैं और कहा जा रहा है कि मंत्री का इंतजार इसीलिए नहीं किया गया।



अब रोपवे निर्माण कार्य के भूमिपूजन में बिना मंत्री की उपस्थिति के कार्यक्रम सम्पन्न किए जाने के पीछे की वजह जो हो लेकिन पूरे मामले ने चर्चाओं का बाजार गर्म कर दिया है और इसकी चर्चा पूरे संभाग में जारी है कि बिना मंत्री और क्षेत्रीय विधायक की उपस्थिति उनके गृह विधानसभा में बड़े कार्य का भूमिपूजन कार्यक्रम संपन्न कर लिया गया।

### मंत्री का नहीं किया गया भूमिपूजन के लिए इंतजार

कुदरगढ़ रोप वे निर्माण कार्य भूमिपूजन के लिए दोपहर 2 बजे का समय निर्धारित किया गया था। आयोजक प्रायोजको ने समयानुसार वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भूमिपूजन कर दिया जबकि इस कार्यक्रम मैं क्षेत्र की विधायक व महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाडे को भी पहुँचना था और वे इस दौरान बैजनाथपुर में थी लेकिन उनका इंतजार किये बगैर भूमिपूजन कर लिया गया । इसकी जानकारी जय मंत्री महोदय को लगी तो वे कुदरगढ न जाकर भैयाथान में आकर दूसरे कार्यक्रम में शामिल हो गई सियासत के जानकारों का मानना है कि यह उपेक्षा जानबूझ कर केवल क्रेडिट लेने के लिये किया और यह भाजपा की गुटबाजी का परिणाम है। कुदरगढ़ ट्रस्ट के अध्यक्ष क्षेत्र के पूर्व विधायक व पूर्व गृह मंत्री रामसेवक पैकरा है उन्ही के मार्गदर्शन में रोप वे निर्माण को मूर्त रूप दिया जा रहा है। ऐसे में लोगो का मानना है कि किसी और को इसका क्रेडिट न मिले इसे ध्यान में रखते हुए आनन फानन में कार्यक्रम कर लिया गया। इधर ट्रस्ट के एक सदस्य ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि 2 बजे का समय था और इस दौरान जो पहुंचा सो पहुँचा भूमिपूजन कर दिया गया।सदस्य ने बताया कि मंत्री जी को आना था और वे कुदरगढ के करीब ही थी पर इंतजार नहीं किया गया।अब क्यों इंतजार नहीं किया गया,मंत्री महोदया का कुदरगढ़ न जाना तमाम मुद्दे चर्चा का विषय बन गया है। बताया जा रहा कि इस तरह की उपेक्षा से मंत्री महोदया काफी नाराज है,पर यह सच एक वरिष्ठ नेता के सामने हुआ तो वे खुल कर कुछ बोल भी नहीं पा रही।

### कुदरगढ़ में रोपवे निर्माण का कार्य आरंभ हुआ

लंबे इंतजार के बाद अंततः जिले के कुदरगढ़ धाम में उड़नखटोला हेतु भूमिपूजन के साथ ही श्रद्धालुओं के लिए माता,रानी के दर्शन हेतु उनकी राह आसान हो गई। उड़नखटोला के भूमिपूजन हेतु आयोजक प्रायोजक इतने उत्साहित थे कि क्षेत्रीय विधायक व मंत्री तक का इंतजार नहीं किया बल्कि आनन फानन में भूमिपूजन कर लिया। हालांकि इसे सियासी लोग भाजपा की गुटबाजी से भी जोड़कर देख रहे है।बहरहाल,सोमवार को कुदरगढ़ में प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी व कुदरगढ़ न्यास तथा वन विकास निगम के अध्यक्ष राम सेवक पैकरा की मौजूदगी में रोपवे निर्माण कार्य के लिए भूमिपूजन किया गया। धाम में आने वाले श्रद्धालुओं को माता के दर्शन की सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन एवं कुदरगढ़ न्यास द्वारा आरकान इंडा रोपवेज एंड फ्यूचर मोबिलिटी प्राइवेट लिमिटेड के साथ अनुबंध किया गया है। इस रोपचे परियोजना के पूरा होने से श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी और क्षेत्र में पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।



### कुदरगढ़ धाम में रोपवे निर्माण का शुभारंभ,भूमिपूजन संपन्न

कार्यक्रम में प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी, नित्यानंद पाठक,अनिल सिंह, मेजर बाबूलाल अग्रवाल, डी एफ ओ पंकज कमल ,अजय गोयल, भुवन भास्कर सिंह, अखिलेश प्रताप सिंह, एस के तिवारी, ओंकार पाण्डेय, अवधेश गुर्जर, राजेंद्र प्रताप सिंह, आशीष प्रताप सिंह, बलराम सोनी, राजेश तिवारी अजय तिवारी, प्रदीप द्विवेदी, शशांक सिंह,विजय गुर्जर, लवकेश गुर्जर संदीप अग्रवाल, शैलेन्द्र गुप्ता,नरेश जायसवाल प्रवीण गुर्जर अरुण सिंह, विजय राज अग्रवाल राम जी साहू राम कुमार बंछोर सहित सरपंच, जनपद सदस्य, तहसीलदार, सीईओ जनपद व क्षेत्र के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में ट्रस्ट के सदस्य एवं पदाधिकारी कंपनी के विक्रात सिंह उनकी टीम ट्रस्ट के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बेटे ने नाबालिग लड़की को भगाकर लाया घर मां-पिता ने भी साथ दिया,तीनों गिरफ्तार

-संवाददाता-

बलरामपुर,23 सितम्बर 2025 (घटती-घटना)। युवक ने अपने माता-पिता के साथ मिलकर एक नाबालिग को लगभग एक सप्ताह तक अपने घर में रखा और लगातार उसके साथ बलात्कार की घटना को अंजाम दिया था। मामले में परिजनों की रिपोर्ट पर पुलिस की टीम ने माता-पिता समेत आरोपी को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है। मामला शंकरगढ़ थाना क्षेत्र का है जहाँ एक 14 साल की नाबालिग लगभग एक सप्ताह पहले जब घर से लापता हुई तो घर वालों को काफी चिंता हुई। काफी खोजबीन करने के बाद भी कहीं भी उसका पता नहीं चला। माता-पिता ने रिश्तेदारों, पड़ोसियों और गाँव में काफी उसका पता तलाश किया लेकिन कहीं भी उसका पता नहीं चल रहा था। बेटी के इस तरह गायब हो जाने से माता-पिता की चिंता काफी बढ़ गई थी कि आखिर वह कहाँ चली गई। उन्होंने पुलिस में इसकी शिकायत दर्ज कराई तो शंकरगढ़ पुलिस की टीम ने तत्काल अपहरण की



शिकायत दर्ज करते हुए नाबालिग की खोज शुरू की। पुलिस की टीम ने तत्परता दिखाते हुए अपराध दर्ज करने के 24 घंटे के भीतर ही मुखबिर की सूचना पर पता तलाश करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और उसके कब्जे से नाबालिग को उसी के घर से बरामद कर लिया। नाबालिग ने बताया कि आरोपी ने अपने घर में रखकर उसके साथ बलात्कार की घटना को अंजाम दिया और उसके माता-पिता ने भी इसमें उसका साथ दिया था। आरोपी उसके साथ शादी करना चाहता था और उसके माता-पिता भी इसमें उसका सहयोग कर रहे थे। पुलिस की टीम ने मामले में 10 से अधिक धाराओं के तहत अपराध दर्ज करते हुए आरोपी युवक की गिरफ्तारी की और उसका साथ देने के आरोप में उसके माता-पिता को भी गिरफ्तार करते हुए तीनों आरोपियों को सलाखों के पीछे भेज दिया है। पीड़िता का मेडिकल कराने के बाद उसे परिजनों को सौंप दिया गया है। वर्तमान समय में बेटियाँ पड़ोसी और आसपास के लोगों से ही सुरक्षित दिखाई नहीं दे रही हैं। लगातार उन्हें अपनों से ही खतरा महसूस होने लगा है। इस मामले में पुलिस की तत्परता से आरोपी तो सलाखों के पीछे चले गए हैं लेकिन नाबालिग की आबरू लूट चुकी है।

# आखिर क्यों बीच-बीच में हो रही कार्यवाही के वाऊजूद क्यों हो रही है धडल्ले से अवैध रेत ढुलाई?

## राजपुर में रेत लोड ट्रैक्टर ने बाइक को मारी टक्कर,बाल बाल बचा चालक,पैर में आई मामूली चोट

-सुदामा राजवाड़े-

राजपुर,23 सितम्बर 2025 (घटती-घटना)। बलरामपुर जिले के राजपुर के कोसा फॉर्म मार्ग पर रेत लोड ट्रैक्टर ने बाइक सवार को मारी ठोकर, बाइक सवार बाल-बाल बचा जान जाने से। प्रत्येकदर्शियों के जानकारी के अनुसार 23 सितंबर को लगभग एक बजे कोसा फॉर्म मार्ग पर एक रेत लोड ट्रैक्टर एवं बाइक में जोरदार भिड़ंत हो गई, जिससे ट्रैक्टर बाइक सवार को रौंदते हुए निकल गई, ऊपर वाले की कृपा से बाइक सवार की जान जाते जाते बची।

### जानकारों का यह भी कहना है

जानकारों का मानना है बलरामपुर जिला अंतराज्यीय राज्यों जिला से लगे होने के कारण दिनों दिन रेत माफियाओं के हौसले इतने बुलंद होते जा रहे हैं। इस तरह की दुर्घटनाएं होना आम हो गई है, जानकार पक्के तौर पर कहते हैं कि जिले के खनिज विभाग में बैठे विभागीय आला अधिकारी का खुला संरक्षण प्राप्त है, इस लिए ट्रैक्टर जैसे वाहनों पर रेत गिट्टी की बेधड़क ढुलाई होती है। साथ ही



बताया गया अमूमन ट्रेक्टर कृषि कार्य के उपयोग में लाई जाती है। लेकिन आय दिन ट्रेक्टर में रेत,गिट्टी ढुलाई में उपयोग के लिए देखने को मिलता है। इससे साफ जाहिर होता है, विभागीय अधिकारी की सरपरस्ती में अवैध रूप से उत्खनन एवं ओवर लोड वाहनों पर इक्का दुक्क कारवाही कर अपना पल्ला झाड़ लेना ही मुनासिब समझती है।

### आखिर क्यों ओवर लोड वाहनों पर सख्ती नहीं दिखाई जाती ?

उपस्थिति ग्रामीणों ने इस तरह की घटनाओं के बारे में मुखरता से बताया। ग्रामीणों के द्वारा मुखरता से बताया बताया कि आय दिन देखने को मिल जाएगा रेत एवं ओवरलोड ट्रैक्टर और हाइवा दिन-रात मुख्य मार्गों से गुजरते रहते हैं। जिनके चलते दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि प्रशासन की लापरवाही और रेत माफियाओं की मिली भगत का खामियाजा अब आम जनता भुगत रही है।

### एक जानकार ने कहा कि अवैध रेत की ढुलाई

अवैध रेत का कारोबार ऐसे समय में रही है,जब पूरे राज्य में 10 जून से 15 अक्टूबर तक नदियों से रेत उत्खनन और परिवहन पर पूर्ण प्रतिबंध लागू है। बावजूद इसके राजपुर में बड़े पैमाने पर रेत की निकासी और परिवहन खुलेआम जारी है। समाचार लिखे जाने तक पुलिस कार्यवाही में जुटी हुई है।

*राजपुर एसडीएम देवेन्द्र प्रधान से उनके मोबाईल नंबर पर संपर्क कर इस दुर्घटना एवं अवैध रेत ढुलाई के ऊपर कार्यवाही के बारे में जानकारी चाही गई तो उनके द्वारा बताया गया आज मैं, बलरामपुर टी एल मीटिंग में शामिल हूं, पता करके बताता हूं।*

*राजपुर थाना प्रभारी भारद्वाज सिंह से उनके मोबाईल नंबर पर संपर्क कर जानकारी चाही तो उनके द्वारा बताया गया एक्सीडेंट की जानकारी मिली थी बाइक एवं ट्रेक्टर चालको से वाहनों के कागजात लेकर आने को कहा गया है, यदि किसी तरह की अनियमता पाया जाता है तो विधि संबंधित कार्यवाही कर अपराध पंजीबद्ध कर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।*

# छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 2025:संभाग स्तरीय काव्य पाठ प्रतियोगिता का आयोजन

-संवाददाता-

अंबिकापुर,23 सितम्बर 2025 (घटती-घटना)। छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 2025 के अंतर्गत आज पी.जी. कॉलेज ऑडिटोरियम में संभाग स्तरीय काव्य पाठ प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन जिला प्रशासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग सरगुजा तथा राज्य युवा आयोग छत्तीसगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लुण्ड्रा विधायक श्री प्रबोध मिंज थे। उन्होंने सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित कर मां सरस्वती एवं छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जिला प्रशासन एवं खेल युवा कल्याण विभाग द्वारा




विधायक महोदय का पुष्पगुच्छ एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। छात्र-छात्राओं ने दी कविताओं की प्रस्तुति कार्यक्रम में सरगुजा संभाग से आए छात्र-छात्राओं ने काव्य पाठ संगोष्ठी की आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। प्रतियोगिता के माध्यम से प्रतिभागियों ने छत्तीसगढ़ की संस्कृति, इतिहास और गौरवमयी परंपराओं को शब्दों में अभिव्यक्त किया। मुख्य अतिथि श्री प्रबोध मिंज ने कहा कि छत्तीसगढ़ की स्थापना को 25 वर्ष पूर्ण होने पर पूरे प्रदेश में छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव मनाया जा रहा है। इन 25 वर्षों में छत्तीसगढ़ ने शिक्षा, स्वास्थ्य,कृषि, उद्योग और खेल सहित विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है।

यह केवल एक उत्सव ही नहीं, बल्कि प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान,गौरव और समृद्ध परंपराओं को नए सिरे से याद करने और संजोने का अवसर है। कार्यक्रम में नगर पालिक निगम अम्बिकापुर की प्रथम नागरिक श्रीमती मंजूषा भगत,राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष श्री विश्व विजय सिंह तोमर, श्री भारत सिंह सिसोदिया, सभापति श्री हरमंदिर सिंह, पूर्व पार्षद श्री प्रेमानंद तिग्गा, श्री जन्जय मिश्रा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, विद्यार्थीगण और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# नशीली इंजेक्शन विक्रेताओं के विरूद्ध थाना प्रतापपुर पुलिस की बड़ी कार्यवाही,भारी मात्रा में नशीली इंजेक्शन सहित 3 व्यक्ति गिरफ्तार

-संवाददाता-

सुरजपुर,23 सितम्बर 2025 (घटती-घटना)। डीआईजी व एसएसपी श्री प्रशांत कुमार ठाकुर के सख्त निर्देश पर थाना-चौकी की पुलिस के द्वारा लगातार अवैध कारोबार व सूखा नशा के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है। सोमवार को थाना प्रतापपुर पुलिस ने प्राप्त सूचना पर 2 मोटर सायकल सहित 3 लोगों को पकड़ा जिनके कब्जे से 1 लाख कीमत के 180 नग नशीली इंजेक्शन जप्त कर एनडीपीएस एक्ट की कार्यवाही कर तीनों को गिरफ्तार किया है। दिनांक 22.09.2025 को थाना प्रतापपुर पुलिस को मुखबीर से सूचना मिला कि 3 व्यक्ति 2 मोटर सायकल में नशीली इंजेक्शन लेकर बिक्री करने पोड़ी चौक के पास ग्राहक की तलाश में घुम रहे है। थाना प्रतापपुर फौरन मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर 2 मोटर सायकल में 3 व्यक्ति (1) संतोष पाल उर्फ बिल्ला पिता स्व. नन्दूपाल उम्र 22 वर्ष ग्राम कृष्णनगर (धमनी) थाना त्रिकुण्डा जिला बलरामपुर (2) बबलू राजवाड़े पिता टेमसाय उम्र 19 वर्ष ग्राम करौदा बस्ती जरही, थाना भटगांव (3) अनिल सिंह



पिता स्व. रामाशंकर सिंह उम्र 19 वर्ष ग्राम करौंदा को पकड़ा जिनके कब्जे से एविल इंजेक्शन 90 नग व रेक्सोजेसिक इंजेक्शन 90 नग कुल 180 नग नशीली इंजेक्शन पाया गया। जिसकी बाजारू कीमत करीब 1 लाख रूपये है। मामले में नशीली इंजेक्शन, 3 मोबाईल व 2 मोटर सायकल जप्त कर धारा 21(सी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी प्रतापपुर अमित कौशिक, एएसआई बजरंगी लाल चौहान, प्रधान आरक्षक रविशंकर चौबे, आरक्षक राजकुमार पासवान, रामदयाल राठिया, अपील चौधरी व सत्य नारायण सिंह सक्रिय रहे।

# मेहनती महिलाओं के लिए शासन की बिहान योजना बनी वरदान




## बिहान की मदद से आत्मनिर्भर हो रही महिलाएं,कई महिलाएं और महिला समूह बने सफल उदाहरण

## मेहनत से सही दिशा में प्रयास कर लखपति बन रही ग्रामीण महिलाएं

## कही पानी,तो कही चक्की,कही समूह के माध्यम से लघु उद्योगों का संचालन कर रही महिलाएं

## डुमरिया में पानी की बोतल से समृद्धि की राह, 3 माह में कमाए 12 लाख

-राजन पाण्डेय-
कोरिया,23 सितंबर 2025
(घटती-घटना)।

कौन कहता है आसमान में सुराख नही हो सकता एक पत्थर तो तबियत से उछालो यारों, कवि दुष्यंत कुमार की इन पंक्तियों को ग्रामीण महिलाओं ने साकार करके दिखाया है,कहते हैं मेहनत और सही दिशा में किया गया प्रयास ही किसी भी व्यक्ति की सफलता का मूल कारण होता है। ग्राम पंचायत सरभोका की रहने वाली शशिकला इसका जीवंत उदाहरण हैं। बिहान योजना से जुड़कर उन्होंने आत्मनिर्भरता की नई राह बनाई और आज ग्रामीण अंचल में सशक्त व्यवसायी महिला के रूप में अपनी अलग पहचान बना चुकी हैं।

### बिहान से मिला संबल

शशिकला वर्ष 2018 में ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) से जुड़ीं और मोहल्ले की 10 महिलाओं के साथ मिलकर चमेली स्व-सहायता समूह बनाया। पहले उन्हें समूह कोष से 15 हजार रुपये का आरएफ मिला, फिर 60 हजार रुपये का सीआईएफ और बाद में 1.50 लाख रुपये का व्यक्तिगत ऋण प्राप्त हुआ। इन्हीं संसाधनों से उन्होंने अपने छोटे-छोटे व्यवसाय खड़े किए और आय को लगातार बढ़ाया। जहां समूह से जुड़ने से पहले उनके परिवार की सालाना आय मात्र 50-60 हजार रुपये थी, वहीं अब वह लगभग 3 लाख रुपये सालाना लाभ अर्जित कर रही हैं। केवल अपने परिवार तक सीमित न रहते हुए शशिकला अब अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा स्रोत बनी हैं। वर्तमान में वह नारी शक्ति संकुल स्तरीय संगठन, बुड़ार की अध्यक्ष हैं और सैकड़ों महिलाओं को आजीविका गतिविधियों से जुड़ने हेतु प्रेरित कर रही हैं। आज शशिकला ''लखपति दीदी'' बनकर न केवल अपने परिवार को संबल दे रही हैं, बल्कि गांव की अन्य महिलाओं के लिए भी मिसाल बन चुकी हैं।

### क्या है बिहान योजना

बिहान योजना,छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन का एक कार्यक्रम है जिसका उद्देश्य ग्रामीण गरीब परिवारों को सशक्त बनाना और उनके जीवन स्तर में सुधार लाना है,उन्हें लाभप्रद स्वरोजगार के अवसर प्रदान करना और स्थायी संस्थाएं बनाकर गरीबी कम करना है। यह राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और राज्य के सभी ब्लॉकों में लागू किया जा रहा है। बिहान योजना के मुख्य उद्देश्य ग्रामीण गरीब परिवारों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाना और गरीबी कम करना। ग्रामीण गरीबों को सशक्त और स्थायी संस्थाओं में संगठित करना। लाभदायक स्वरोजगार और कुशल मजदूरी वाले रोजगार के अवसर प्रदान करना।

### फर्श से अर्श तक का सफर

शशिकला का जीवन भी एक सामान्य ग्रामीण महिला की तरह ही शुरू हुआ। परिवार की आय का एकमात्र साधन आटा चक्की थी, जिससे मात्र 5-6 हजार रुपये मासिक आमदनी होती थी। आर्थिक तंगी हमेशा बनी रहती थी। लेकिन आत्मनिर्भर बनने की सोच और मेहनत के दम पर उन्होंने बिहान के सहारे अपने जीवन की दिशा बदल दी। आज उनके पास आटा चक्की के साथ-साथ किराना दुकान, मसाला पैकेजिंग यूनिट और डीजे व्यवसाय भी है। इन चार आजीविका गतिविधियों से उनकी मासिक आय 25 से 30 हजार रुपये तक पहुँच गई है।

### डुमरिया में पानी की बोतल से समृद्धि की राह

कोरिया जिले में 'लखपति दीदी योजना' महिलाओं के जीवन में परिवर्तन की बड़ी कहानी लिख रही है। इसी योजना के अंतर्गत बैकुंठपुर ब्लॉक के डूमरिया गाँव का महालक्ष्मी स्व-सहायता समूह पूरे जिले के लिए प्रेरणा बन गया है।

### पैक्ड वाटर प्लांट से मिली नई पहचान

समूह की अध्यक्ष मुन्नी बाई को प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम और बिहान योजना के तहत एम प्लस नाम से पैक्ड बोटल वाटर प्लांट स्थापित करने का अवसर मिला। इसकी कुल लागत 35 लाख रुपए हैं।पीएमईजीपी से 30 लाख रुपए की सहायता प्राप्त हुई। इसके अलावा बिहान से 5 लाख रुपए का ऋण प्राप्त किया। सिर्फ तीन महीनों में ही इस प्लांट ने 12 लाख रुपए से अधिक का कारोबार कर लिया है।

### आत्मनिर्भरता की राह पर ग्रामीण महिलाएँ

आज समूह की पाँच से अधिक महिलाएं लखपति बनने की ओर तेजी से अग्रसर हैं। मुन्नी बाई दीदी कहती हैं। 'लखपति दीदी योजना ने हमें नया जीवन दिया है। अब हम दूसरों को भी रोजगार देने की स्थिति में हैं।' महालक्ष्मी समूह की महिलाएँ अब अपने परिवार की जरूरतें पूरी करने के साथ बच्चों की शिक्षा और सामाजिक कार्यों में योगदान दे रही हैं। यह पहल साबित करती है कि अगर अवसर और सही दिशा मिले तो गाँव की महिलाएँ किसी भी क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल कर सकती हैं।

# शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बंजारीडांड का किया अवलोकन





-संवाददाता-
मनेंद्रगढ़,23 सितंबर 2025
(घटती-घटना)।

विकासखंड शिक्षा अधिकारी बलविंदर सिंह के द्वारा शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बंजारीडांड का आकस्मिक अवलोकन किया गया। विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी प्रार्थना सभा में बच्चों के साथ प्रार्थना में सम्मिलित हुए।तत्पश्चात शाला के विभिन्न दस्तावेजों का अवलोकन कर सराहना की। छत्तीसगढ़ शासन शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार संस्था में बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु विभिन्न गतिविधियां ईको क्लब,बाल संसद, खेलकूद, मध्याह्न भोजन के साथ त्रैमासिक परीक्षा के संबंध में विस्तृत जानकारी ली गई। अवलोकन के दौरान प्रधान पाठक शैलेंद्र कुमार मिश्रा, शिक्षिका श्रीमती सरिता सिंह, श्रीमती कविता भगत उपस्थित रही। संस्था में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी जगत सिंह, सफाई कर्मी अलेंद्र बंजारे भी उपस्थित रहे। ईको क्लब और बाल संसद के विद्यार्थियों से वार्तालाप किया ।

# भालू विचरण और लकड़ी तस्करी पर गोंडवाना गणतंत्र पार्टी का हल्ला

## वन विभाग की लापरवाही पर जिला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

-संवाददाता-
मनेंद्रगढ़,23 सितंबर 2025
(घटती-घटना)।




शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में पिछले दो महीने से भालू अपने दो शावकों के साथ लगातार विचरण कर रहा है। इससे लोगों में भय और असुरक्षा का माहौल है। इस गंभीर मुद्दे पर वन विभाग की लापरवाही को लेकर गोंडवाना गणतंत्र पार्टी जिला एमसीबी अध्यक्ष केवल सिंह ने जनदर्शन के माध्यम से जिला कलेक्टर को आवेदन सौंपकर कठोर कार्यवाही की मांग की है। केवल सिंह ने बताया कि भालू विचरण की घटनाएँ आए दिन चर्चा का विषय बनी हुई हैं, लेकिन विभागीय अधिकारी चुप्पी साधे हुए हैं। पूर्व में भालू द्वारा राजस्व विभाग के कर्मचारी पर हमला भी हो चुका है,जो स्थिति की गंभीरता को दर्शाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि वनमंडलाधिकारी मनीष कश्यप की गैर-जिम्मेदाराना कार्यशैली के चलते आमजन की सुरक्षा और कीमती वन संपदा दोनों खतरे में हैं। इस बीच, क्षेत्रीय वनों में कीमती वृक्षों की अवैध कटाई और लकड़ी तस्करी का धंधा खुलेआम संचालित हो रहा है, जिस पर रोक लगाने में विभाग नाकाम साबित हो रहा है। पार्टी की प्रमुख मांगें-लापरवाह अधिकारी को तत्काल पद से हटाकर कार्यवाही की जाए। भालू और उसके शावकों को सुरक्षित पकड़कर उपयुक्त वन क्षेत्र में शिफ्ट किया जाए।लकड़ी तस्करी और अवैध कटाई पर विशेष निगरानी रखकर नियंत्रण किया जाए। केवल सिंह ने स्पष्ट कहा कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो जनता आंदोलन की राह अपनाने को मजबूर होगी।

# मनरेगा में वर्षों से जमे रोजगार सहायक ग्राम पंचायत सकरिया ने आवास और हितग्राहीमूलक योजनाएं को बना रखा कमाई का जरिया

## 05 से 10 हजार तक वसूली करने वाले ग्राम पंचायत सकरिया के रोजगार सहायक के विरुद्ध कलेक्टर से हुई लिखित शिकायत

-राजेन्द्र शर्मा-
खड़गवां,23 सितंबर 2025
(घटती-घटना)।

जनपद पंचायत खड़गवां के ग्राम पंचायत सकरिया में वर्षों से जमे रोजगार सहायक के द्वारा आवास योजना को वसूली का माध्यम बना लिया गया है। इसके अलावा सरकार की दूसरी हितग्रागीमूलक योजनाओं का लाभ दिलाने के नाम पर भी जमकर वसूली करने की शिकायत सामने आयी हैं। भ्रष्टाचार में लिप्त रहने वाले रोजगार सहायक को न अधिकारियों का डर है न कार्रवाई का भय।
ग्राम पंचायत सकरिया के रोजगार सहायक धर्मेन्द्र कुमार साहू को लेकर भी ऐसी ही शिकायत लगातार सामने आती रही है। जिसमे आवास योजना के हितग्राही काफी परेशान हैं। उसके द्वारा हितग्राहियों से 5000 से लेकर 10000 रुपये तक की राशि यह कहकर वसूल की जाती है कि वह प्रधानमंत्री आवास का जियो टैग करने एवं आवास स्वीकृत कराने के नाम पर वसूल किया गया है। और ये भी कहा जाता है मैं किसी भी योजना को पास करा दूगा। शासन के द्वारा प्रदाय की जाने वाली योजनाओं में उसकी दखल होने के कारण विभागीय तौर पर भी कामकाज तभी हो पाते हैं जब वह बोलता है। उसकी इस तरह की बेजा हरकतों से ग्रामवासी काफी परेशान हैं। काफी हिम्मत करके एक प्रार्थीओ ने कलेक्टर से उक्त रोजगार सहायक की शिकायत दिनांक 5/9/25 को की गई है।
सूत्र बताते हैं कि ग्राम पंचायत सकरिया के रोजगार सहायक के द्वारा ग्राम पंचायत के अन्य कार्यों में भी काफी भ्रष्टाचार किया गया है। सूत्रों से जानकारी मिल रही है कि रोजगार सहायक धर्मेंद्र कुमार साहू के द्वारा फर्जी जियो टैकिंग से प्रधानमंत्री आवास का बिना निर्माण कराएं पुराने आवास को लिपाई पुताई कराकर नया आवास बताकर 1.20 लाख की राशि लाभार्थी के खाते से आहरण करा बंदरबांट कर ली गई। इस अनियमितता की शिकायत करने से हितग्राही डर रहे हैं ये झूठे केश में फसाने की धमकी देता है। जिससे हितग्राही हिम्मत नहीं कर पा रहे हैं। इसके द्वारा पूर्व में तीन चार लोगों को झूठे केश में जेल भी भेज चुका है इस रोजगार सहायक का गांव में बडा दबदबा है। संबंधित अधिकारी आंख मूंदे बैठे है, खड़गवां जनपद के अनेकों ग्राम पंचायतें में रोजगार सहायकों के ऐसे कारनामे देखने- सुनने को मिल जाएंगे, जिनके लिए आवास एवं हितग्राहीमूलक योजनाएं अवैध कमाई का जरिया बनकर रह गया है। वैसे ग्राम पंचायत सकरिया रोजगार सहायक के कृत्य की जांच से कई मामले सामने आ जाएंगे। रोजगार सहायक जो वर्षों से जमे हैं और शासन की योजनाओं की आड़ में अवैध वसूली कर रहे हैं, उनकी भी कलई खुलकर सामने आएगी। साथ ही उन्हें किसका संरक्षण प्राप्त हो रहा है, यह भी जांच का विषय होना चाहिए।



जाँच हेतु आवेदन पत्र

प्रति,
श्री मान कलेक्टर महोदय
जिला एम सी बी (छ.ग.)

विषय - ग्राम पंचायत सकरिया के रोजगार सहायक के अनिमिता के जाच के सम्बन्ध मे

महोदय,
उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है की ग्राम पंचायत सकरिया के रोजगार सहायक धर्मेन्द्र कुमार साहू आत्मज मोहर लाल साहू के द्वारा प्रधान मंत्री आवास हितग्राहीयो से जियो टेक करने एवं आवास स्वीकृत कराने के नाम पर किसी हितग्राही से 5000 तो किसी से 10000 लिया है वैसे रोजगार सहायक जाच कर ग्राम पंचायत सकरिया से हटाने का कृपा करे वैसे हितग्राहीयो की सूची जिनके राशि लिया गया है निम्नानुसार है
अत श्रीमान जी से निवेदन है की जाच कर कार्यवाही करने एव हटाने की कृपा करे प्रतिलिपि श्री मान मुख्य कर्यपालन अधिकारी जिला एम सी बी (छ.ग.)

दिनांक..........

| नाम | हस्ताक्षर |
| --- | --- |
| 1.महावीर पिता राम सखा | महावीर |
| 2 रामजतन पिता कन्हैया लाल | [illegible] |
| 3 वेदमती पति स्व बेचन राम | |
| 4 किरतुर चन्द पिता सरजू साहू | [illegible] |
| 5 शिवचंद पिता बनवारी | शिवचन्द |
| 6 नारद पिता रघुराई. | |

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी
(रा.) अंबिकापुर,जिला-सरगुजा(छ0ग0)

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. अ-2/2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक तपेश्वरी पैंकरा पत्नी घनश्याम अग्रवाल जाति कंवर निवासी मायापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ0ग0) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आध्यि की भूमि स्थित ग्राम मायापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ0ग0) खसरा नंबर 165/2 रकबा 0.013 हे0 भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की खसरा,भूमि उपयोगिता प्रमाण पत्र, रजिस्ट्री की प्रति, आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।
अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो, तो निर्धारित सुनवाई तिथि .. 06/10/2025 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 22/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी ।

सील
अनुविभागीय अधिकारी
(रा.) अंबिकापुर

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी
(रा.)अंबिकापुर,जिला-सरगुजा(छ0ग0)

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. अ-2/2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक दीपिका दुबे आ0 मुकेश कुमार त्रिपाठी जाति ब्राहम्ण निवासी बौरीपारा तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ0ग0) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आध्यि की भूमि स्थित ग्राम नमनाकला तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ0ग0) खसरा नंबर 157/764 रकबा 0.012 हे0 भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1, खसरा, भूमि उपयोगिता प्रमाण पत्र,रजिस्ट्री की प्रति,आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।
अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो, तो निर्धारित सुनवाई तिथि 06/10/2025 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 19/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी ।

सील
अनुविभागीय अधिकारी
(रा.) अंबिकापुर

# 75 वर्षों से जिस जमीन पर बनें है वन विभाग के शासकीय आवास, उसे तोड़कर दबंग कर रहे कब्जा



**मिशन रोड में स्थित है वन विभाग को जमीन जिस पर अब किया जा रहा कब्जा**

**वन विभाग की शिकायत पर एसडीएम बैकुण्ठपुर ने लगाया है स्टे फिर भी किया जा रहा काम,सूत्रों का दावा**

**सिटी कोतवाली बैकुण्ठपुर की भूमिका भी दिख रही संदिग्ध,आखिर क्यों दर्ज नहीं किया गया रिपोर्ट जबकि कई मामलों में कुछ ज्यादा ही तत्परता दिखला रही है कोतवाली पुलिस**

**आरोपियों में एक पूर्व भाजपा नेता भी शामिल जिसे पंचायत चुनाव के दौरान पार्टी से किया गया है निष्कासित**

**क्या पूरे मामले में जिला प्रशासन लेगा संज्ञान या फिर देखते ही देखते एक और शासकीय जमीन पर हो जाएगा दबंगों का कब्जा**

## क्या है मामला


पूरे प्रकरण के बारे में मिल रही जानकारी के अनुसार मिषन कालोनी भट्ठीपारा में स्थित कर्मचारी आवासीय भवन जिसमें 4 खपरैल भवन, परिक्षेत्र लिपिक भवन 1 नग पुराना परिक्षेत्र कार्यालय भवन शामिल है,जो कि पिछले लगभग 50 वर्षों से निर्मित है,जिसमें अभी भी कर्मचारियों का आवासीय कालोनी है एवं अभी भी कर्मचारी लगातार निवास करते आ रहे हैं, उक्त आवासीय भवन के दक्षिणी भाग में बाउंड्रीवाल निर्मित है जिसे अनावेदक विपिन बिहारी जायसवाल निवासी ओड़गीनाका बैकुंठपुर, अमित गुप्ता निवासी भट्ठीपारा बैकुंठपुर एवं आषीष न्यूटन राबर्ट निवासी मिषन कालोनी बैकुंठपुर द्वारा बाउंड्रीवाल तोड़कर निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया था,मना करने पर उनके द्वारा विषप आई एन राबर्ट निवासी ग्राम बैकुंठपुर की भूमि बताते हुए कार्य निरंतर जारी रखने की बात कही जा रही है। चुकि उक्त आवासीय भवनों में 50 वर्षो के पूर्व से वन कर्मचारी निवास करते आ रहे हैं जिसके बारे में बतलाया जाता है कि जिस वक्त वन विभाग के आवासी कालोनी का निर्माण हुआ था उस समय पट्टेदार डेविड प्रकाश पिता विषप आई एन राबर्ट को राजस्व विभाग द्वारा बदले में भूमि आबंटित की गई थी। कोरिया वन मंडल की स्थापना वर्ष 1948 में हुई थी तब से आवासीय कालोनी एवं परिक्षेत्र कार्यालय का संचालन होता आ रहा है। जिसका कब्जा राजस्व अभिलेख में दर्ज होना था किंतु राजस्व विभाग के त्रुटि के कारण आज तक वन विभाग का कब्जा दर्ज नहीं है।

### राजस्व रिकार्ड में नाम न दर्ज होना गंभीर त्रुटि,क्या होगी कार्यवाही

विदित हो कि कोरिया वन मंडल की स्थापना वर्ष 1948 में की गई थी और उसी दौरान अदला बदली में यह जमीन वन विभाग को आबंटित हुई और मकानों का निर्माण कराया गया था। 75 वर्ष व्यतीत हो जाने के बाद भी राजस्व अभिलेख में वन विभाग का नाम दर्ज नहीं होना आश्चर्यजनक है। इसकी सुध आज तक ना तो राजस्व विभाग ने ली और ना ही वन विभाग ने,जिसका परिणाम है कि उक्त जमीन निजी होने का दावा किया जा रहा है।

-राजन पाण्डेय-
कोरिया,23 सितंबर 2025 (घटती-घटना)।

कोरिया जिला मुख्यालय में एक प्रचलन हो चुका है जिसमें कि कहीं भी शासकीय जमीन दिखलाई पड़े उस पर तत्काल कब्जा किया जाना, कुछ इसी प्रकार का हाल इन दिनों शहर के मिशन रोड स्थित उस जमीन पर देखने को मिल रहा है जिस पर कि विगत 75 वर्षों से अधिक समय से वन विभाग का आवास बना हुआ है और अभी भी कर्मचारी निवास कर रहे हैं लेकिन शहर के कुछ दबंग निर्मित मकान को तोड़कर अवैध रूप से कब्जा कर है, यह अलग बात है कि शहर का हितैशी बनने वाले कई नेता यह सब देखकर भी चुप्पी साधे बैठे हुए हैं या कि कहा जा सकता है कि उनके सहयोग से ही शासकीय जमीन पर दबंगों द्वारा कब्जा किया जा रहा है,आगे देखने वाली बात होगी कि इस मामले पर क्या जिला प्रषासन संज्ञान लेकर तत्काल कोई कार्यवाही करेगा या फिर उसकी चुप्पी से एक और जमीन निजी व्यक्तियों के हाथ में चली जाएगी।



कार्यालय वनमण्डलाधिकारी, कोरिया वनमण्डल, बैकुण्ठपुर
Ph.No.:- (O)07836-232227, (R)232230, (F)233664 EMail:- dfo.korea_bkp@yahoo.co.in

बैकुण्ठपुर, दिनांक 15/09/2025

क्रमांक/तक.क./3731

प्रति,
थाना प्रभारी,
थाना बैकुण्ठपुर

विषय :- मिशन कॉलोनी/भट्ठीपारा में स्थित आवासीय भवन पुराना परिक्षेत्र कार्यालय एवं परिक्षेत्र लिपिक हेतु स्थित भवनों एवं रिक्त स्थलों में अवैध अतिक्रमण एवं बाउण्ड्रीवाल तोड़ने एवं 03 भवनों के ताला तोड़कर प्रवेश करने के संबंध में अनावेदकों के विरूद्ध FIR करने बाबत्।

सन्दर्भ :-
1. कार्यालयीन पृ0 कमांक तक.क. 3459 दिनॉक 01.09.2025
2. अनुविभागीय दण्डाधिकारी, बैकुण्ठपुर , जिला – कोरिया (छ0ग) का पृ0 कमांक 3295 दिनॉक 09.09.2025
3. परिक्षेत्राधिकारी परिक्षेत्र बैकुण्ठपुर का पत्र कमांक 3449 दिनॉक 15.09.2025

विषयांतर्गत उपरोक्त संदर्भित पत्र क्रमांक 1 का अवलोकन करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा विषयांकित शासकीय भवनों की तोड़फोड़ करने के परिपेक्ष्य में अनावेदकों के विरूद्ध तत्काल वैधानिक कार्यवाही एवं कार्य बन्द कराये जाने हेतु लेख किया गया था, किन्तु आपके द्वारा न तो कार्य बन्द कराया गया और न ही कोई कार्यवाही की गई है। तत्संबंध में परिक्षेत्राधिकारी परिक्षेत्र बैकुण्ठपुर द्वारा यह बताया गया है कि, अनावेदकों के विरूद्ध FIR कराने हेतु आपके थाना में उपस्थित हुए थे, किन्तु आपके द्वारा FIR दर्ज नहीं किया गया है।

परिक्षेत्राधिकारी परिक्षेत्र बैकुण्ठपुर के उपरोक्त संदर्भित पत्र कमांक 3 द्वारा पुनः यह सूचना दी गई है कि, अनुविभागीय दण्डाधिकारी, बैकुण्ठपुर , जिला – कोरिया (छ0ग) के उपरोक्त संदर्भित पत्र कमांक 2 द्वारा अनावेदकों को कार्य बन्द कराये जाने के संबंध में दिये गये स्टे के फलस्वरूप भी अनावेदक श्री विपिन जायसवाल, श्री अमित गुप्ता, श्री आशीष न्यूटन राबर्ट पिता डेविड प्रकाश एवं अन्य निवासी बैकुण्ठपुर द्वारा मनमानी करते हुए 03 भवनों का ताला तोड़कर प्रवेश किया गया है, जबकि स्टे के रहते हुए ताला तोड़ने का कोई अधिकार अनावेदकों को नहीं है किन्तु आपके द्वारा कोई कार्यवाही नहीं किये जाने के कारण अनावेदक निर्भय होकर शासकीय भवनों को तोड़फोड़ कर कब्जा किया जा रहा है।

अतः तत्काल अनावेदकों के विरूद्ध FIR दर्ज करते हुए वैधानिक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

वनमण्डलाधिकारी
कोरिया वनमण्डल, बैकुण्ठपुर

## बदले में दी गई थी भू स्वामी को जमीन लेकिन रिकार्ड दूरूस्त ना होने का फायदा उठा रहे आरोपी

सूत्रों का दावा है कि यह जमीन जिस पर अब तीन दबंगो द्वारा कब्जा किया जा रहा है उसमें से आषीष न्यूटन राबर्ट के परिवार को उस समय कहीं और जमीन दे दी गई थी, और उसके बाद ही आवासीय भवनों का निर्माण कराया गया था,सवाल उठता है कि क्या उस समय के कागजातों का परीक्षण अब किया जाएगा और यदि जमीन बदले में दे दी गई थी तो फिर आखिर कैसे इतने लंबे अंतराल के बाद उस पर अपना हक बतलाया जा रहा है। सवाल यह भी है कि यदि उक्त जमीन निजी व्यक्ति की थी तो आखिर फिर कैसे उसे पर कर्मचारी आवास बना हुआ है। जानकारों का कहना है कि जमीन अदला बदली तो की गई थी लेकिन रिकार्ड दुरूस्त नही किया गया था जिसका फायदा अब दबंगों द्वारा उठाया जा रहा है और शासकीय आवास को तोड़कर निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया है।

## स्टे लगने के बाद भी काम चालू... थाना प्रभारी को एफआईआर करने का पत्र लेकिन कार्यवाही शून्य

वन विभाग की जमीन पर अवैध रूप कब्जा किये जाने के मामले में एसडीएम बैकुंठपुर ने स्थगन दिया था लेकिन इसके बाद भी अनावेदकों द्वारा आदेश की अवहेलना की गई एवं कार्य बंद नही किया गया था, जिसके बाद वनपरिक्षेत्राधिकारी बैकुंठपुर ने पुनः वनमंडलाधिकारी कोरिया को प्रेषित पत्र में जानकारी दिया कि एसडीएम द्वारा स्थगन दिये जाने के बाद भी आदेष की अवहेलना करते हुए उक्त निर्मित भवनों में से 3 भवनों का ताला तोड़कर प्रवेश कर लिया गया है,पत्र में अनावेदकों के खिलाफ एफआईआर कराने का भी जिक्र किया गया था।

### राजस्व विभाग के कुछ कर्मचारियों की भूमिका भी संदिग्ध

विश्वस्त सूत्रों का कहना है कि जिन लोगों द्वारा अवैध तरीके से कब्जा किया जा रहा है उसमें से एक आरोपी के परिवार के कुछ सदस्य राजस्व विभाग में कार्यरत हैं और उनके द्वारा ही इस पूरे मामले को समझकर अपना निजी हक बतलाया जा रहा है यह भी जांच का विषय है।

### 75 वर्षों से नहीं गया किसी का ध्यान

1948 में भारत देश आजाद होने के बाद ही कोरिया वन मंडल की स्थापना हुई और फिर धीरे धीरे विस्तार किया गया कर्मचारियों के लिए भी आवास बनाए गए उस दौरान चुनिंदा स्थानों पर ही शासकीय आवास बनाए गए थे ऐसा जानकारों का कहना है। 7 दशक बाद भी इस ओर जिम्मेदारों या कि वन विभाग का ध्यान ना जाना एक गंभीर चूक है जिसका फायदा अब निजी व्यक्तियों द्वारा उठाया जा रहा है। हालांकि उक्त जमीन पर निर्मित शासकीय आवासों को समय समय पर कर्मचारियों को आवंटित करने एवं उनके द्वारा बिजली बिल आदि भुगतान किये जाने का दस्तावेज भी वन विभाग ने प्रमाण के तौर पर पेश किया है। लेकिन इसके बाद भी मामला विवादित बना हुआ है।

### परिक्षेत्राधिकारी ने वनमंडलाधिकारी को दिया रिपोर्ट

पूरे मामले में जब यह जानकारी मिली कि वन विभाग के शासकीय आवासों को तोड़कर उस पर कब्जा किया जा रहा है तब परिक्षेत्र अधिकारी बैकुंठपुर ने मौके का निरीक्षण किया और इस आशय का रिपोर्ट बनाकर वनमंडलाधिकारी कोरिया को सौपा है जिसके बाद यह स्पष्ट है कि जमीन पर अवैध तरीके से कब्जा किया जा रहा है ।

## डीएफओ ने थाना प्रभारी को फिर भेजा पत्र,आखिर क्यों नही हुआ एफआईआर

परिक्षेत्राधिकारी द्वारा पत्र प्राप्त होने के बाद कोरिया वनमंडलाधिकारी ने पुनःसिटी कोतवाली प्रभारी को 15 सितंबर को पत्र भेजा है पत्र मे कहा गया है कि परिक्षेत्राधिकारी परिक्षेत्र बैकुंठपुर द्वारा अनावेदको के विरूद्व एफआईआर कराने हेतु थाना में उपस्थित हुए थे किंतु आपके द्वारा एफआईआर दर्ज नही किया गया। यह भी उल्लेख किया गया है कि अनावेदकों को कार्य बंद कराये जाने के संबंध में दिये गए स्टे के फलस्वरूप अनावेदक विपिन,अमित,आशीष न्यूटन राबर्ट द्वारा मनमानी करते हुए 3 भवनों का ताला तोड़कर प्रवेश किया गया है, जबकि स्टे के रहते हुए ताला तोड़ने का कोई अधिकार अनावेदकों को नही है। डीएफओ ने पत्र में लिखा है कि आपके द्वारा कोई कार्यवाही नही किये जाने के कारण अनावेदक निर्भय होकर शासकीय भवनों को तोड़ फोड़कर कब्जा किया जा रहा है। डीएफओ ने थाना प्रभारी को प्रेषित पत्र में अनावेदकों के विरूद्व तत्काल एफआईआर करने की बात कही थी लेकिन सूत्रों का कहना है कि आज तक एफआईआर दर्ज नही किया जा सका है।

## वनमंडलाधिकारी ने एसडीएम को भेजी शिकायत...लगा स्टे...

वनपरिक्षेत्राधिकारी बैकुंठपुर द्वारा रिपोर्ट दिये जाने के फलस्वरूप कोरिया वनमंडलाधिकारी ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बैकुंठपुर को 1 सितंबर 2025 को षिकायत पत्र भेजा था जिसमें मिशन कालोनी भट्ठीपारा में स्थित आवासीय भवना पुराना परिक्षेत्र कार्यालय एवं परिक्षेत्र लिपिक हेतु स्थित भवनों एवं रिक्त स्थलों में अवैध अतिक्रमण एवं बाउंड्रीवाल तोड़ने के संबंध में स्टे लगाने की बात कही गई थी वनमंडलाधिकारी ने अपने पत्र में यह भी बतलाया था कि वनमंडल का महत्वपूर्ण अभिलेख कार्य आयोजना जो भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा अनुमोदित है उसमें भी उक्त निर्मित भवनों का उल्लेख है। वनमंडलाधिकारी ने पत्र भेजकर अवैध रूप से अनावेदकों द्वारा गिराये जा रहे शासकीय भवनों को तत्काल रोक लगाये जाने एवं दोषियों के विरूद्ध नियमानुसार आवष्यक कार्यवाही करने की बात कही थी। षिकायत पत्र प्राप्त होने के बाद अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बैकुंठपुर ने बीते 9 सितंबर को विपिन जायसवाल, अमित गुप्ता एवं आषीष न्यूटन राबर्ट को पत्र जारी करते हुए स्थगन दिया था।

# ग्रामीणों के सूझबुझ से गौ तस्करी का भण्डाफोड़



-संवाददाता-
कोरबा,23 सितंबर 2025 (घटती-घटना)।

कोरबा जिले के पोड़ी-उपरोड़ा विकासखंड के ग्राम पंचायत घुंचापुर के आश्रित ग्राम भुजनकछार में रविवार को गौ तस्करी का सनसनीखेज मामला उजागर हुआ। ग्रामीणों ने अपनी सूझ बुझ से तस्करों की गाड़ी (क्रमांक CG 14 MF 1374) को पकड़ा जिसमे 75 से अधिक गायों को ठूंस-ठूंसकर बांधा गया था, जिनमें से कई की मौके पर ही मौत हो गई। गांववालों ने जब यह अमानवीय दृश्य देखा तो आक्रोश फूट पड़ा। सरपंच पति शनिच राम के नेतृत्व में ग्रामीणों ने जान जोखिम में डालकर गाड़ी को रोक लिया और कई दर्जन गौमाताओं की जान बचाई। इस दौरान वाहन चालक मौके से फरार हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि पास के जंगलों में भी करीब 75 मवेशियों को रस्सियों से बांधकर बंधक बनाया गया था, जहां चारा-पानी के अभाव में कई की मौत हो चुकी थी,यह देखकर ग्रामीणों की आंखें नम हो गईं।

मौके पर पहुंचे पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. इंद्र कुमार पटेल ने घायल मवेशियों का इलाज शुरू किया,वहीं कोरबी चौकी प्रभारी सुरेश कुमार जोगी अपनी टीम के साथ जांच में जुट गए। ग्रामीणों ने एक अन्य ट्रक को भी पकड़ा, जिसमें 33 मवेशी भरे हुए थे। सरपंच पति शनिच राम ने कहा... गाय हमारी मां है और उनकी रक्षा करना ही सबसे बड़ा धर्म है। अब गांववाले किसी भी कीमत पर गौ तस्करी बर्दाश्त नहीं करेंगे। दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने प्रशासन से की गई है मांग ।

## मॉर्निंग वाक मे निकले व्यापारी का शव तालाब मे मिला तैरता,जांच में जुटी पुलिस

-संवाददाता-
कोरबा,23 सितंबर 2025 (घटती-घटना)।

कोरबा जिले के कटघोरा क्षेत्र मे स्थित राधासागर तालाब में मॉर्निंग वॉक पर निकले कपड़ा व्यापारी जुगल अग्रवाल उम्र 45 वर्ष का शव तैरता हुआ मिला। बच्चों ने तैरते शव को देखते ही तुरंत बाहर निकाला,पर जब तक शव बाहर लाया गया, जुगल अग्रवाल की मौत हो चुकी थी। प्रारंभिक जांच में पुलिस का अनुमान है कि जुगल अग्रवाल मॉर्निंग वॉक के दौरान तालाब के पास हाथ-पैर धोने गए होंगे और फिसलकर तालाब में गिर गए। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।

# बोर्ड आफ विजिटर के सदस्यों ने किया जिला जेल का निरीक्षण



-संवाददाता-
कोरबा,23 सितंबर 2025 (घटती-घटना)।


प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा, अजीत वसंत कलेक्टर, सिद्धार्थ तिवारी पुलिस अधीक्षक, डॉ0 एस.एन. केशरी जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सरोज कुमार महिलांगे अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कोरबा, देवेन्द्र प्रताप सिंह कंवर उपसंचालक कृषि विभाग, मुकेश कुमार दिवाकर परिविक्षा अधिकारी समाज कल्याण विभाग, अरूण कुमार राठिया प्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र कोरबा द्वारा जिला जेल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य जेल में जातिगत भेदभाव की रोकथाम, बंदियों के चिकित्सा, स्वास्थ्य,भोजन, विधिक सहायता से अधिवक्ता, जेल के अभिलेखों का निरीक्षण किया जाना था। निरीक्षण में जेल के अंदर जातिगत भेदभाव की प्रथा नहीं हेना पाया गया है। जेल के बैरकों में जाकर बंदियों एवं जेल के कर्मचारी एवं अधिकारियों से चर्चा की गयी तथा भोजन की गुणवत्ता, स्वास्थ्य परीक्षण एवं चिकित्सा प्राप्त होने के संबंध में पूछा गया जो जेल नियमावली के अनुसार होना बताया गया। बंदियों को विधिक सहायता के लिये जेल में लीगल एड क्लिनिक की स्थापना प्राधिकरण के द्वारा की गयी है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा समय-समय पर जिला जेल कोरबा में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उक्त भ्रमण के दौरान अमितेश साहू सहायक जेल अधीक्षक,जिला जेल कोरबा उपस्थित रहे।

## कैटरीना कैफ ने किया मां बनने का ऐलान,साझा की विक्की कौशल संग ये खूबसूरत तस्वीर



कैटरीना कैफ और विक्की कौशल के घर खुशियां दस्तक देने वाली हैं। यूं तो लंबे समय से कैटरीना की प्रेग्नेंसी की खबरें चर्चा में थी,लेकिन पिछले दिनों मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि जल्द ही ये जोड़ी अपने नए मेहमान का स्वागत करने वाली है। इन्हीं चर्चाओं के बीच अब खुद कैटरीना ने अपनी प्रेग्नेंसी का ऐलान सोशल मीडिया पर कर दिया है। उन्होंने विक्की संग अपनी बेबी बंप वाली एक तस्वीर साझा कर ये घोषणा की है। कैटरीना ने जो तस्वीर साझा की है, उसमें उनका बेबी बंप नजर आ रहा है। विक्की उनके बेबी बंप को थामे और उसे निहारते नजर आ रहे हैं। दोनों के चेहरे पर माता-पिता बनने की खुशी साफ झलक रही है। इसके साथ उन्होंने एक दिल छू लेने वाला पोस्ट भी लिखा। कैटरीना और विक्की दोनों ने ये तस्वीर साझा की और लिखा,खुशी और कृतज्ञता के साथ हम अपनी जिंदगी का सबसे बेहतरीन अध्याय शुरू करने जा रहे हैं। कैटरीना और विक्की का ये पोस्ट देख आम से लेकर खास हर कोई उन्हें बधाई दे रहा है। अभिनेता आयुष्मान खुराना ने लिखा,आप दोनों को बधाई आयुष्मान खुरानाहो। रिया कपूर ने लिखा,तुम दोनों के लिए बहुत खुश हूं। बधाई हो। इसके अलावा अर्जुन कपूर, भूमि पेडनेकर,महीप कपूर और शिबानी दांडेकर जैसी कई हस्तियों ने उन्हें इस खुशखबरी के लिए शुभकामनाएं दी। बता दें कि इस दिसंबर कैटरीना-विक्की की शादी को 4 साल पूरे होने जा रहे हैं।

## रणबीर कपूर के खिलाफ केस दर्ज करने का आदेश, आर्यन खान के शो में ई-सिगरेट वाले सीन को लेकर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने भेजा नोटिस



राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने मुंबई पुलिस को आदेश दिया है कि वो एक्टर रणबीर कपूर, आर्यन खान की वेब सीरीज द बैड्स ऑफ बॉलीवुड के मेकर्स और नेटफ्लिक्स पर एफआईआर दर्ज करें। मामले में आरोप है कि शो में इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट निषेध अधिनियम, 2019 का उल्लंघन हुआ है। IANS के अनुसार, यह शिकायत विनय जोशी नामक व्यक्ति ने दर्ज कराई। उनका कहना है कि शो के सातवें एपिसोड में रणबीर कपूर ई-सिगरेट का इस्तेमाल करते दिखे, लेकिन इस दौरान किसी तरह की हेल्थ वॉर्निंग या डिस्क्लेमर नहीं दिया गया। शिकायत के बाद NHRC ने सूचना और प्रसारण मंत्रालय को नोटिस भेजा है। आयोग ने कहा कि मंत्रालय इस तरह के कंटेंट को रोकने के लिए जरूरी कदम उठाए। आयोग ने यह भी कहा कि इस तरह के सीन युवा दर्शकों पर गलत असर डाल सकते हैं। इसके अलावा, मुंबई पुलिस कमिश्नर को भी जांच शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं।

# फिल्म 'हक' का टीजर रिलीज

## शाह बानो बन छाईं यामी गौतम,इमरान हाशमी भी दमदार

यामी गौतम फिल्म हक को लेकर सुर्खियों में हैं। इसकी पहली झलक ने दर्शकों की बेताबी और बढ़ा दी और अब इसका टीजर भी रिलीज हो गया है। खास बात ये है कि इस फिल्म में पहली बार यामी की जोड़ी अभिनेता इमरान हाशमी के साथ बनने जा रही है, जिनकी केमिस्ट्री देखने के लिए सिनेप्रेमी उत्साहित हैं। बानो: भारत की बेटी नाम की लोकप्रिय किताब पर आधारित हक एक काल्पनिक और नाटकीय कहानी है।

### सिनेमाघरों में यामी की अगली बड़ी दस्तक के लिए हो जाएं तैयार

टीजर में यामी,शाह बानो बेगम की भूमिका निभा रही हैं, जबकि इमरान एक बेहद समझदार और मशहूर वकील की भूमिका निभा रहे हैं। दोनों कलाकारों की जबरदस्त डायलॉग डिलिवरी ध्यान खींच रही है। टीजर देख लगता है कि फिल्म आर्टिकल 370 के बाद एक बार फिर यामी बड़े पर्दे पर अपने अभिनय का कमाल दिखाने वाली हैं। हक में यामी एक ऐसी प्रेरणादायक मुस्लिम महिला की भूमिका निभा रही हैं, जो अन्याय के सामने झुकने से इनकार करती है।

### शाह बानो केस पर आधारित है फिल्म

जंगली पिक्चर्स हमेशा कुछ अलग फिल्में बनाता है, जो समाज के नियमों को चुनौती देती हैं। इसके बैनर तले बनीं राजी, तलवार और बधाई दो जैसी फिल्मों में भी वो बेबाकी और साहस देखने को मिला। अब ये प्रोडक्शन हाउस हक लेकर आ रहा है। घर की दहलीज से सुप्रीम कोर्ट तक की ये कहानी शाह बानो मामले से प्रेरित है। साल 1985 के शाह बानो बनाम अहमद खान केस पर बनी इस फिल्म के निर्देशक सुपर्ण एस गुप्ता हैं।

### कब रिलीज हो रही फिल्म?

फिल्म के जरिए मुस्लिम महिला के अधिकारों, लिंगभेद, लैंगिक समानता,धर्म-निरपेक्षता के मुद्दों को उठाया गया है। इसमें सीआरपीसी की धारा 125 के तहत तलाकशुदा महिला की लंबी कानूनी लड़ाई को दिखाया जाएगा। ये फिल्म सिर्फ मनोरंजन नहीं करेगी, बल्कि महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक भी बनाएगी। फिल्म में इमरान ने वकील का किरदार निभाया है, जो इस ऐतिहासिक केस से जुड़े अहमद खान की शख्सियत से प्रेरित है। फिल्म 7 नवंबर, 2025 को सिनेमाघरों में आएगी।


### जटिल भूमिका से दिल जीतने को तैयार यामी

यामी ने अपनी पिछली कुछ फिल्मों से दर्शकों पर गहरा असर डाला है। उन्होंने संवेदनशील किरदार निभाकर दर्शकों को बेहद प्रभावित किया है। पिछली बार यामी फिल्म आर्टिकल 370 में दिखी थीं, जिसमें उन्होंने अपनी धाकड़ अदाकारी से सबका दिल जीत लिया था। अब फिल्म हक में भी अपने किरदार में ढलने के लिए उन्होंने बड़े स्तर पर तैयारी की है। यामी ने अपने किरदार से न्याय करने के लिए कोर्टरूम की प्रक्रिया और बर्ताव को बारीकी से समझा है।













# बॉक्स ऑफिस:चौथे दिन जॉली एलएलबी 3 का काम-तमाम, किया अब तक का सबसे कम कारोबार

बीते 19 सितंबर को सिनेमाघरों में आई कोर्टरूम ड्रामा जॉली एलएलबी 3 ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छी शुरुआत की थी, लेकिन रिलीज के चौथे दिन ये फिल्म टिकट खिड़की पर धड़ाम हो गई। बॉक्स ऑफिस पर सोमवार का टेस्ट हर फिल्म के लिए अहम होता है, जिसमें अक्षय कुमार और अरशद वारसी की ये फिल्म बुरी तरह पिछड़ गई है। फिल्म की कमाई में आई अचानक ये बड़ी गिरावट अब बेशक निर्माताओं की चिंता बढ़ा सकती है।

### तीसरे दिन बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिरी फिल्म

जॉली एलएलबी 3 ने पहले दिन 12.5 करोड़ रुपये कमाकर बॉक्स ऑफिस पर अच्छी शुरुआत की थी। दूसरे दिन कमाई में बढ़िया इजाफा हुआ। इसने 20 करोड़ रुपये अपने खाते से जोड़े। तीसरे दिन 21 करोड़ रुपये कमाए, लेकिन चौथे दिन यानी अपने पहले सोमवार को फिल्म फेल हो गई। ये महज 5.5 करोड़ रुपये जुटा पाई है, जो अब तक की सबसे बड़ी गिरावट है। इसी के साथ भारत में इसने अब तक 59 करोड़ रुपये कमा लिए हैं।

### जॉली एलएलबी के कलाकार और कहानी

जॉली एलएलबी में अरशद मुख्य भूमिका में थे, जबकि जॉली एलएलबी 2 में अक्षय मुख्य भूमिका में थे। फ्रेंचाइज के तीसरे भाग में दोनों जॉली और सौरभ शुक्ला अपनी-अपनी यादगार



भूमिका में हैं। उधर हुमा कुरैशी और अमृता राव ने भी पिछली फिल्मों के अपने किरदारों को दोहराया है। सुभाष कपूर के निर्देशन में बनी ये फिल्म साल 2011 में उत्तर प्रदेश के भट्टा परसौल गांव में हुई एक सच्ची घटना से प्रेरित है, जिसे काल्पनिक रूप दिया गया है।

### निशाने से चूक गई निशांची

अनुराग कश्यप को निशांची से किसी बड़े सरप्राइज की उम्मीद थी, लेकिन इसकी शुरुआत बेहद कमजोर रही। पहले दिन इसने सिर्फ 25 लाख रुपये से खाता खोला था। दूसरे दिन 39 लाख रुपये का कारोबार किया और तीसरे दिन यानी रविवार को हालात और बिगड़ गए। फिल्म की कमाई घटकर 26 लाख रुपये रह गई। रिलीज के चौथे दिन इसने महज 10 लाख रुपये कमाए हैं। निशांची की 4 दिनों की कुल कमाई 1 करोड़ रुपये हुई है।

### अजेय भी 4 दिन में ही ढेर

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जीवन पर बनी फिल्म अजेयः द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ अ योगी का हाल भी बेहाल है। इस फिल्म ने पहले दिन 25 लाख रुपये कमाए थे। दूसरे दिन 32.76 लाख रुपये कमाए और तीसरे दिन 50 लाख रुपये का आंकड़ा पार किया। रिलीज के चौथे दिन फिल्म ने 14 लाख रुपये कमाए। अनंत जोशी और परेश रावल जैसे कलाकारों से सजी ये फिल्म अब तक 1.19 करोड़ रुपये कमा पाई है।

## फिल्म 'डॉन 3' में खूंखार खलनायक बन तहलका मचाएंगे अर्जुन दास

बॉलीवुड की सुपरहिट फ्रैंचाइजी डॉन की तीसरी किस्त का दर्शक बड़ी ही बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। खास बात यह है कि डॉन 3 के हीरो रणवीर सिंह हैं, वहीं फिल्म के निर्देशन की कमान फरहान अख्तर ने संभाली है। इस फिल्म में रणवीर की जोड़ी पहली बार कृति सैनन के साथ बनी है। अब डॉन 3 में तमिल अभिनेता अर्जुन दास की एंट्री हो गई है। वह फिल्म में खतरनाक विलेन बन तहलका मचाने के लिए तैयार हैं।

### अगले साल जनवरी में शुरू होगी शूटिंग

पिंकविला की एक रिपोर्ट के अनुसार, डॉन 3 के जरिए अर्जुन बॉलीवुड में कदम रखने वाले हैं। वह फिल्म में रणवीर से भिड़ते नजर आएंगे। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि फरहान ने डॉन 3 में विलेन की भूमिका निभाने के लिए अर्जुन से संपर्क किया। अभिनेता को फिल्म की कहानी पसंद आ गई है और उन्होंने इसके लिए हामी भी भर दी है। कहा जा रहा है कि फिल्म की शूटिंग अगले साल जनवरी में शुरू हो जाएगी। अर्जुन को कैथी, मास्टर, विक्रम और गुड बैड अग्ली जैसी फिल्मों के लिए



जाना जाता है। वह जल्द ही इमरान हाशमी और पवन कल्याण की फिल्म दे कॉल हिम ओजी में नजर आएंगे। यह फिल्म 25 सितंबर, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

### अमिताभ बचन के साथ बना था डॉन का मूल संस्करण

डॉन का मूल संस्करण 1978 में आया था, जिसमें अमिताभ बचन ने डॉन की भूमिका निभाई थी और उनके साथ जीनत अमान मुख्य भूमिका में नजर आई थीं। इसके बाद 2006 में फरहान ने शाहरुख खान के साथ डॉन का रीमेक बनाया, जिसमें प्रियंका, अर्जुन रामपाल, बोमन ईरानी और करीना कपूर शामिल थे। साल 2011 में फिल्म का दूसरा भाग दर्शकों के बीच आया तो अब 13 साल बाद फिल्म की तीसरी किस्त आने के लिए तैयार है।

## खेल समाचार

# आईसीसी वनडे रैंकिंग में पांचवें स्थान पर पहुंचीं भारतीय महिला क्रिकेटर दीप्ति शर्मा

**नई दिल्ली,23 सितम्बर 2025।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली भारतीय महिला खिलाड़ियों ने आईसीसी की नवीनतम वनडे महिला खिलाड़ी रैंकिंग में उल्लेखनीय सुधार किया है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दो विकेट लेने वाली भारतीय खिलाड़ी दीप्ति शर्मा दो स्थान ऊपर चढ़कर पांचवें (651) स्थान पर पहुंच गई हैं। आईसीसी के अनुसार पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रीका के बीच और भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच सीरीज के साथ चारों देशों के बल्लेबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया है। दोनों श्रृंखलाओं में रनों का अंबार लगा। भारतीय तेज गेंदबाज क्रांति गौड़ (23 पायदान ऊपर 39वें स्थान पर) ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपनी शानदार शुरुआत जारी रखी है, जबकि इंग्लैंड की सोफी एक्लेस्टोन (795 रेटिंग अंक) आगामी विश्व कप से पहले शीर्ष रैंकिंग वाली एकदिवसीय गेंदबाज़ के रूप में 85 अंकों की बढ़त बनाए हुई हैं।

दक्षिण अफ्रीका की अयाबोंगा खाका प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद लाहौर में 36 रन देकर 2 विकेट लेने के बाद तीन पायदान ऊपर 15वें (548 अंक) स्थान पर



पहुंच गईं। दक्षिण अफ्रीका की बल्लेबाज़ ताज़मीन ब्रिट्स ने महिला वनडे बल्लेबाज़ी रैंकिंग में सबसे उल्लेखनीय सुधार किया है। लाहौर में प्रोटियाज़ सीरीज़ जीत में लगातार दो नाबाद शतकों की बदौलत वे 15 स्थान ऊपर छठे (669 रेटिंग अंक) पर पहुंच गईं। 2025 कैलेंडर वर्ष में ब्रिट्स का वनडे में औसत 91.85 है और उन्होंने 94.14 के स्ट्राइक रेट से 643 रन बनाए हैं। सितंबर 2023 की शुरुआत में 73वें स्थान पर रहने वाली प्रोटियाज़ बल्लेबाज़ ने बेहतरीन बढ़त हासिल की है। इस बीच,पाकिस्तानी बल्लेबाज सिदरा अमीन ने 10 स्थान की छलांग लगाई है, उन्होंने तीन मैचों में 121, नाबाद 122 और नाबाद 50 रन बनाए थे। अमीन की 636 अंकों की रेटिंग उनके करियर की सर्वोच्च रेटिंग। वह अब 13वें स्थान पर है, जो शीर्ष 10 स्थान से केवल 19 अंक दूर है। इस बीच, बेथ मूनी ने दो स्थान (727 अंक) ऊपर चढ़कर शीर्ष दो पर जगह बनाई है,हालांकि शीर्ष पर अभी भी स्मृति मंधाना काफी आगे हैं, जिन्होंने भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच हुए मुकाबले में लगातार दो शतकों के बाद अपने करियर की सर्वोच्च रेटिंग 818 पर पहुंच गई हैं। क्रिकेट विश्व कप में नीचे की ओर जाने वाली अन्य बड़ी खिलाड़ियों में ऑस्ट्रेलिया की जॉर्जिया वोल (28 स्थान ऊपर 61 वें स्थान पर) और पाकिस्तान की नतालिया परवेज शामिल हैं, जो दूसरे वनडे में अर्धशतक की बदौलत शीर्ष 100 से बाहर रहते हुए 54 स्थान ऊपर आ गई हैं। अफ्रीका की मारिजाने कप आईसीसी महिला वनडे ऑलराउंडर रैंकिंग में ऐश गार्डनर के करीब पहुंच गईं। वह हेले मैथ्यूज को पीछे छोड़ते हुए दूसरे स्थान (420) पर पहुंच गई,जिन्होंने लगातार दो मैचों में शतक और दो विकेट लिए, जबकि उनकी टीम की साथी क्लो ट्रायोन ने स्पिन के अनुकूल परिस्थितियों में अपना जलवा दिखाया और श्रृंखला में दो विकेट लिए। ताहलिया मैकग्राथ,गेंद से लगातार अच्छा प्रदर्शन करने की बदौलत नौ स्थान ऊपर चढ़कर 30वें (128 अंक) स्थान पर पहुंच गई, वह भी एक बड़े टूर्नामेंट के लिए तैयार दिख रही हैं।

## टीम इंडिया में नहीं मिली जगह तो भारतीय स्पिनर राहुल चाहर ने इस देश की टीम से किया करार

**नई दिल्ली, 23 सितम्बर 2025।** भारतीय क्रिकेट टीम के स्पिनर राहुल चाहर ने इस हफ्ते के अंत में हैम्पशायर के खिलाफ काउंटी चैंपियनशिप के अपने आखिरी मैच के लिए सरे के साथ करार किया है। चाहर को आखिरी बार आईपीएल 2025 के दौरान खेलते हुए देखा गया था, जहां उन्होंने सनराइजर्स हैदराबाद के लिए सिर्फ एक मैच खेला था। जबकि भारतीय टीम के लिए उन्होंने अपना आखिरी मुकाबला 4 साल पहले खेला था। वह हैम्पशायर के खिलाफ अहम मुकाबले से पहले जल्द ही टीम के साथ जुड़ेंगे, क्योंकि उनकी ये टीम लगातार चौथा खिताब जीतने की कोशिश में है।

**सरे के साथ जुड़ने को लेकर उत्साहित चाहर :** चाहर सितंबर की शुरुआत में काउंटी क्लब के लिए खेलने के लिए रजिस्टर्ड थे, लेकिन उन्हें वार्विकशायर और नॉटिंघमशायर के खिलाफ क्लब के घरेलू मैचों में खेलने की ज़रूरत नहीं थी। विल जैक्स और कैम स्टील के चोटिल होने के बाद चाहर को टीम में शामिल किया गया है। चाहर ने कहा कि मैं इस हफ्ते के मैच के लिए सरे के साथ जुड़ने को लेकर उत्साहित हूं। मैं वहां प्रभाव डालने और सीजन के अपने आखिरी मैच में टीम की मदद करने जा रहा हूं।

**साई किशोर थे पहली प्राथमिकता :**



सरे के हाई-परफॉर्मेंस सलाहकार एलेक स्टीवर्ट ने खुलासा किया कि क्लब ने शुरुआत में टूर्नामेंट के आखिरी चरण के लिए साई किशोर को टीम में शामिल करने की योजना बनाई थी। हालांकि, तमिलनाडु का ये स्पिनर उंगली की चोट के कारण उपलब्ध नहीं था। स्टीवर्ट ने बताया कि साई किशोर की उंगली में चोट है और ऑपरेशन के कारण वह उपलब्ध नहीं थे।

**राहुल चाहर का क्रिकेट करियर :** राहुल चाहर की बात करें तो उन्होंने आखिरी बार 2021 में भारत के लिए खेला था। राहुल चाहर भारत के लिए सिर्फ एक वनडे खेले हैं, जिसमें उन्होंने 18 के औसत से तीन विकेट लिए। वहीं, 6 टी20 इंटरनेशनल में उन्होंने 23.86 के औसत से सात विकेट चटकाए हैं। जबकि घरेलू क्रिकेट में उनके नाम 24 प्रथम श्रेणी मैचों में 87 विकेट हैं। सफेद गेंद के फॉर्मेट में उनका प्रदर्शन काफी बेहतर है।

# एशिया कप 2025: भारत व बांग्लादेश के बीच मैच आज



**नई दिल्ली,23 सितम्बर 2025।** भारत-बांग्लादेश के बीच आज एशिया कप 2025 का सुपर-4 मुकाबला खेला जाना है। भारत के खिलाफ सुपर-4 मुकाबले से पहले बांग्लादेशी कप्तान लिटन दास के चोटिल होने की आशंका है। दाएं हाथ के इस बल्लेबाज को आईसीसी एकेडमी ग्राउंड में ट्रेनिंग के दौरान पीठ में खिंचाव आ गया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, लिटन दास नेट्स पर स्क्वायर कट लगाने की कोशिश कर रहे थे। इसी बीच उन्हें कमर के बाईं हिस्से में तकलीफ महसूस हुई। इसके बाद टीम के फिजियो बायजीद उल इस्लाम ने उनकी जांच की और लिटन दास को ट्रेनिंग सेशन बीच में ही छोड़ना पड़ा।

### बुधवार को भारत और बांग्लादेश की भिड़ंत

भारत-बांग्लादेश के बीच बुधवार को एशिया कप 2025 का सुपर-4 मुकाबला खेला जाना है। टीम इंडिया पाकिस्तान के खिलाफ सुपर-4 के अपने पहले मैच को 6 विकेट से जीत चुकी है। वहीं, बांग्लादेशी टीम दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम पर इस मुकाबले के साथ अपने सुपर-4 चरण की शुरुआत करेगी। इस टूर्नामेंट में टीम इंडिया का सफर शानदार रहा है। भारत ने अपने पहले मैच में यूएई को 9 विकेट से शिकस्त दी,जिसके बाद पाकिस्तान के खिलाफ 7 विकेट से जीत हासिल की। इसके बाद टीम इंडिया ने ओमान के विरुद्ध 21 रन से मुकाबला जीतकर सुपर-4 मुकाबले में पाकिस्तान को 6 विकेट से हराया। दूसरी ओर, बांग्लादेशी टीम ने हांगकांग के खिलाफ 7 विकेट से जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की। इसके बाद टीम को श्रीलंका के हाथों 6 विकेट से हार झेलनी पड़ी। बांग्लादेश ने 8 रन से अफगानिस्तान के खिलाफ मैच जीता, जिसके बाद सुपर-4 मुकाबले में उसने श्रीलंका के विरुद्ध 4 विकेट से जीत दर्ज की।

### एशिया कप सुपर-4 के लिए स्क्वाड

**भारतीय टीम :** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल, अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पांड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, जितेश शर्मा, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, कुलदीप यादव, संजू सैमसन, हर्षित राणा, रिंकू सिंह।

**बांग्लादेश टीम :** लिटन दास (कप्तान), परवेज हुसैन इमोन, सैफ हसन, तौहीद हिरदॉय, जेकर अली, शमीम हुसैन, नुरुल हसन, मेहदी हसन, रिशद हुसैन, नसुम अहमद, मुस्तफिजुर रहमान, तंजीम हसन साकिब, तस्कीन अहमद, शोरफुल इस्लाम, मोहम्मद सैफुद्दीन, तंजीद हसन तमीम।

## जन-जन की आस्था को मिला सहारा,नवरात्र में श्रद्धालुओं के लिए निःशुल्क बस सेवा,सीएम साय ने चार बसों को दिखाई हरी झंडी

# माँ बम्लेश्वरी के दरबार तक पहुँच श्रद्धालुओं के लिए अब और सुगम : सीएम साय





**रायपुर,23 सितम्बर 2025।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज रायपुर शहर के आकाशवाणी चौक स्थित माँ काली मंदिर से डोंगरगढ़ तक निःशुल्क बस सेवा का शुभारंभ किया। रायपुर से माँ बम्लेश्वरी के दर्शन के लिए डोंगरगढ़ जाने वाले श्रद्धालुओं को इस बस सेवा का निःशुल्क लाभ मिलेगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने कालीमाता सेवा समिति की इस पहल की सराहना करते हुए समिति के पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने माँ काली और माँ बम्लेश्वरी से छत्तीसगढ़ में खुशहाली, समृद्धि और शांति की कामना की। साथ ही सभी प्रदेशवासियों को शारदीय नवरात्र की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ भी प्रेषित कीं। माँ काली सेवा समिति द्वारा संचालित यह निःशुल्क बस सेवा पूरे नवरात्र पर्व के दौरान नौ दिनों तक लगातार चलेगी। इस सेवा के तहत प्रतिदिन चार बसें रायपुर से श्रद्धालुओं को डोंगरगढ़ तक ले जाएँगी और उन्हें दर्शन के उपरांत वापस रायपुर लाएँगी। मुख्यमंत्री ने आज चार बसों में लगभग दो सौ महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं के प्रथम जत्थे को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बसों को हरी झंडी दिखाते हुए मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि कालीमाता सेवा समिति पिछले दस वर्षों से निस्वार्थ सेवा भाव से प्रत्येक नवरात्र में प्रतिदिन चार बसों से श्रद्धालुओं को माँ बम्लेश्वरी के दर्शन हेतु ले जाती है। यह न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है,बल्कि सामाजिक एकता का जीवंत उदाहरण भी है। उन्होंने कहा कि नवरात्र के अवसर पर देवी मंदिरों में दर्शन की लालसा हर सनातनी के मन में होती है। माँ के दर्शन की कल्पना मात्र से ही मन में दिव्य ऊर्जा का संचार होता है। लेकिन कई बार परिस्थितिवश हर कोई दूर स्थित देवी स्थलों तक नहीं पहुँच पाता। ऐसे में यह बस सेवा श्रद्धालुओं के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो रही है। माँ बम्लेश्वरी के दरबार तक पहुँच श्रद्धालुओं के लिए अब और सुगम हो गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बस सेवा से समिति ने माँ बम्लेश्वरी के दर्शन का मार्ग प्रशस्त करने के साथ ही सेवा, समर्पण और समावेशिता का प्रेरक संदेश भी दिया है। मुख्यमंत्री ने यह भी उल्लेख किया कि हाल ही में राजिम से रायपुर तक मेमू ट्रेन का भी शुभारंभ किया गया है। इससे छत्तीसगढ़ की कुंभनगरी राजिम के श्रद्धालुओं को माँ बम्लेश्वरी के दर्शन के लिए और अधिक सुविधा होगी। उन्होंने इस पहल के लिए कालीमाता सेवा समिति से जुड़े श्रीचंद सुंदरानी, दीपक भारद्वाज और सभी पदाधिकारियों को साधुवाद दिया। इस अवसर पर गृहमंत्री विजय शर्मा ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समिति से एक बस कवर्धा से डोंगरगढ़ तक चलाने का आग्रह किया। कार्यक्रम में राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, रायपुर नगर निगम की महापौर श्रीमती मीनल चौबे, विधायक सुनील सोनी, विधायक पुरंदर मिश्रा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## भाजपा के पूर्व गृहमंत्री ननकी राम कंवर की चेतावनी...कलेक्टर को न हटाने पर देंगे धरना



**कोरबा,23 सितम्बर 2025।** छत्तीसगढ़ की राजनीति में उस समय बड़ा भूचाल आ गया जब भाजपा के वरिष्ठ आदिवासी नेता और पूर्व गृहमंत्री ननकी राम कंवर ने अपनी ही पार्टी की सरकार और प्रशासन के खिलाफ धरने पर बैठने का एलान कर दिया। उनका आरोप है कि कोरबा कलेक्टर अजित बसंत को प्रदेश सरकार का संरक्षण प्राप्त है और वे 'हिटलरशाही' रवैये से प्रशासन चला रहे हैं।

ननकी राम कंवर ने कहा कि उन्होंने पूर्व में कांग्रेस शासन काल के बड़े भ्रष्टाचार जैसे, पीएससी घोटाला,कोयला घोटाला, डीएमएफ घोटाला, शराब घोटाला, सीजीएमएससी दवाई घोटाला, महादेव सट्टा ऐप, जल जीवन मिशन घोटाला जैसे मामलों को केंद्र सरकार के समक्ष उजागर किया, जिसके कारण राज्य में भाजपा की सरकार बन सकी। लेकिन अब वे भाजपा शासन में हो रहे प्रशासनिक दुरुपयोग से व्यथित हैं।

### कलेक्टर अजित बसंत पर गंभीर आरोप

ननकी राम कंवर ने कोरबा कलेक्टर अजित बसंत पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं, जिनमें व्यक्ति विशेष को टारगेट कर कार्यकर्ताओं के खिलाफ कार्रवाई, राइस मिल-पेट्रोल पंप्स सील करना, वरिष्ठ पत्रकार के घर को तोड़ना-सामान जब्त करना,स्व-सहायता समूह की महिलाओं के साथ अरबों रुपए की ठगी, मुआवजा घोटाले, जिसमें वास्तविक भूविस्थापितों को बिना मुआवजा दिए जमीन और घर छीन लिए गए। डीएमएफ फंड का दुरुपयोग, जिसमें बालको कंपनी को लाभ पहुंचाने का आरोप है। टोल प्लाजा पर वाहन रोकने पर युवाओं को जेल भेजवाना। कोरबा में अवैध रेत खनन और राखड़ परिवहन में मिलीभगत के आरोप शामिल हैं।

### केंद्र ने भेजे थे जांच के नोटिस

कंवर का कहना है कि इन मामलों को लेकर उन्होंने राज्य और केंद्र सरकार दोनों से शिकायत की थी। केंद्र सरकार ने जांच के लिए मुख्य सचिव और खनिज विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए लेकिन राज्य सरकार की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई।

## पुलिस ने बाइक चोर गिरोह का किया भंडाफोड़,18 आरोपी से 52 वाहन बरामद



**रायगढ़,23 सितम्बर 2025।** जिले की पुलिस ने एक संगठित बाइक चोर गिरोह का पर्दाफाश कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक (एसपी) दिव्यांग कुमार पटेल के नेतृत्व में गठित साइबर सेल और विभिन्न थानों की विशेष टीम ने 18 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें मुख्य सरगना राजा खान भी शामिल है। आरोपियों के कब्जे से चोरी की 52 दुपहिया वाहन बरामद किए गए हैं, जिनका बाजार मूल्य 40 लाख रुपये से अधिक आंका गया है। बता दें कि पुलिस को पिछले कुछ समय से इतवारी बाजार, केजीएच, श्याम मंदिर,संजय मार्केट, किरोड़ीमल क्षेत्र, पुसौर, सक्ती, हसौद और सारंगढ़ थाना क्षेत्रों में लगातार हो रही बाइक चोरी की शिकायतें मिल रही थीं। इसे गंभीरता से लेते हुए एसपी दिव्यांग पटेल ने साइबर सेल और स्थानीय थानों को पुराने बाइक चोरों की गतिविधियों पर नजर रखने के निर्देश दिए थे। साइबर सेल की टीम ने संदिग्ध गतिविधियों की निगरानी के दौरान राजा खान को एक बिना नंबर की बाइक के साथ पकड़ा। पूछताछ में राजा खान ने अपने साथियों के साथ मिलकर रायगढ़ और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में बाइक चोरी करने की बात कबूल की। इस खुलासे के बाद एसपी ने साइबर डीएसपी अनिल विश्वकर्मा के सुपरविजन में एक विशेष टीम गठित की, जिसमें साइबर सेल, कोतवाली, कोतरारोड़, जूटमिल, पुसौर और लैलूंगा थानों के कर्मचारी शामिल थे। इस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए राजा खान और उसके 17 साथियों को अलग-अलग थाना क्षेत्रों से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों से 52 दुपहिया वाहन बरामद किए गए, जिनमें 38 एचएफ डीलक्स बाइक, 9 स्प्लेंडर, 4 प्लेटिना और 1 एक्टिवा 6जी स्कूटी शामिल हैं। प्रारंभिक जांच में पता चला कि इनमें से 21 बाइक पर रायगढ़ जिले में, 2 पर सक्ती जिले में और 1 पर सारंगढ़ जिले में एफआईआर दर्ज है। मुख्य आरोपी राजा खान का पहले से आपराधिक रिकॉर्ड रहा है। वह धरमजयगढ़ और बरमकेला में चोरी के मामलों में गिरफ्तार हो चुका है। उसने पूछताछ में बताया कि वह आसानी से बिकने वाली एचएफ डीलक्स, स्प्लेंडर और प्लेटिना बाइकों को निशाना बनाता था और मास्टर की की मदद से लॉक खोलकर चोरी करता था। गिरफ्तार आरोपियों में राज उर्फ राजा खान34 वर्ष, निवासी कोडपाली, अजय कुमार साहू 21 वर्ष, निवासी खजरी, अर्जुन महिलाने 25 वर्ष, निवासी भदरा, मेमसाय साहू, 20 वर्ष, निवासी खजरी, भानुप्रताप खूंटे 22 वर्ष, निवासी हीरी, लक्ष्मण दास महंत उर्फ छोटे 23 वर्ष, निवासी पटारीपाली, देवकुमार भारद्वाज 32 वर्ष, निवासी मेढ़ापाली, उसत दास महंत 23 वर्ष, निवासी सारसमाल, नरेंद्र पैंकरा 21 वर्ष, निवासी बरसा बहार, रोहित सारथी 19 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 1, लैलूंगा, जयराम चौहान, हिदायत खान, मुकेश दास, किशन बंजारे, रामा कोसले, शोभाराम यादव, देव पैंकरा व छतर राठिया है।

### पत्रकार मुकेश चंद्रकार हत्याकांड

## आरोपी सुरेश चंद्रकार की जमानत याचिका खारिज



**रायपुर,23 सितम्बर 2025।** बिलासपुर हाईकोर्ट ने पत्रकार मुकेश चंद्रकार हत्याकांड के मुख्य आरोपी सुरेश चंद्रकार की जमानत अर्जी खारिज कर दी। कोर्ट ने टिप्पणी की कि इतने गंभीर मामले में आरोपी को राहत नहीं दी जा सकती। इस केस में अब तक नौ लोगों पर चार्जशीट दाखिल हो चुकी है। जांच में सामने आया कि पत्रकार मुकेश ने सड़क निर्माण में भ्रष्टाचार और घटिया गुणवत्ता को लेकर खबरें प्रकाशित की थीं। इसी के बाद सुरेश चंद्रकार ने अपने भाइयों के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची और उसे अंजाम दिया। गौरतलब है कि 3 जनवरी को मुकेश का शव ठेकेदार सुरेश चंद्रकार के बाड़े में बने सेप्टिक टैंक से बरामद हुआ था। इस मामले में सुरेश समेत रितेश चंद्राकर, दिनेश चंद्रकार और महेंद्र रामटेके की गिरफ्तारी की जा चुकी है। SIT की जांच में खुलासा हुआ कि हत्या की योजना घटना से चार दिन पहले बनाई गई थी। सुरेश की चार गाड़ियां और हत्या में प्रयुक्त एजेक्स पुलिस ने जब्त कर लिए हैं। आरोपियों को पकड़ने के लिए छत्तीसगढ़ के साथ महाराष्ट्र और तेलंगाना पुलिस की भी मदद ली गई थी।

## शराब घोटाले में भूपेश बघेल ने अपने बेटे को ही बना रखा था एजेंट : बीजेपी




**रायपुर,23 सितम्बर 2025।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता शिवनारायण पाण्डेय ने कांग्रेस और विपक्षी दलों के परिवारवादी चरित्र पर तीखा कटाक्ष करते हुए कहा है कि अब तो इन पार्टियों में भ्रष्टाचार भी परिवारवाद के चरित्र का परिचय दे रहा है। छत्तीसगढ़ में शराब घोटाले में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की भूमिका पर उठे सवालों के बीच उनके बेटे चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी के मद्देनजर पाण्डेय ने कहा कि अब कांग्रेस समेत विपक्षी पार्टियों में भ्रष्टाचार में भी परिवारवाद का एक नया ट्रेण्ड चलन में आ रहा है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता पाण्डेय ने कहा कि कांग्रेस समेत बिहार में राजद, उप्र में सपा, तमिलनाडु में डीएमके और प. बंगाल में टीएमसी का राजनीतिक चरित्र परिवारवाद के आरोपों से दागदार हो चला है। परिवार, जाति और साम्प्रदायिक तुष्टीकरण के नाम पर ये पार्टियाँ चल रही हैं, जो हर हालत में सत्ता में रहकर सरकारी खजाने और जन-धन की लूट कर रही हैं। बिहार में पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव के चारा घोटाला के बाद अब सामने आया नौकरी के बदले जमीन (लैण्ड फॉर जॉब) स्कैम भी इसकी एक बानगी है, जिसमें तेजस्वी यादव और मीसा भारती लाभार्थी पाए गए हैं। पाण्डेय ने कहा कि कांग्रेस में तो पीढ़ियों से जन-धन की लूट का घिनौना क्रम चल रहा है। कांग्रेस की राज्य सरकारें कांग्रेस के लिए एटीएम का काम करती रही हैं और आज भी यह नजारा देखने को मिल रहा है। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की पिछली भूपेश सरकार ने तो प्रदेश को गांधी-फेमिली का एटीएम बनाकर रख दिया था।

### एसीबी-ईओडब्ल्यू ने की पहली बड़ी कार्रवाई..

## सौम्या चौरसिया की 8 करोड़ की संपत्ति कुर्क



**रायपुर,23 सितम्बर 2025।** छत्तीसगढ़ में भ्रष्टाचार पर नकेल कसने की कवायद तेज हो गई है। कोयला घोटाला मामले में जेल में बंद निलंबित राज्य सेवा की अफसर सौम्या चौरसिया को एक और बड़ा झटका लगा है। राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो (एसीबी-ईओडब्ल्यू) ने उनकी 8 करोड़ रुपये की 16 बेनामी संपत्तियों को कुर्क कर दिया है। यह एसीबी-ईओडब्ल्यू द्वारा आय से अधिक संपत्ति मामले में की गई पहली बड़ी कार्रवाई है, जो भ्रष्टाचार के खिलाफ सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति का साफ संकेत देती है।

### क्या है पूरा मामला...

सौम्या चौरसिया के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का केस दर्ज है। जांच में पता चला कि उन्होंने करीब 47 करोड़ रुपये की 45 अचल संपत्तियां अपने करीबी रिश्तेदारों, जैसे सौरभ मोदी और अनुराग चौरसिया, के नाम से खरीदी थीं। ये संपत्तियां कोयला लेवी और अन्य भ्रष्ट तरीकों से जुटाई गई थीं। इससे पहले, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने इसी मामले में 39 करोड़ रुपये की 29 संपत्तियों को कुर्क किया था। बाकी बची 16 संपत्तियों को लेकर एसीबी-ईओडब्ल्यू ने जांच की। पुख्ता सबूत मिलने के बाद 16 जून 2025 को विशेष न्यायालय में कुर्की के लिए आवेदन दिया गया। 22 सितंबर 2025 को सुनवाई के बाद कोर्ट ने 8 करोड़ रुपये की इन 16 संपत्तियों को अंतरिम रूप से कुर्क करने का आदेश पारित कर दिया। एक समय था जब सौम्या चौरसिया की गिनती राज्य के सबसे ताकतवर अफसरों में होती थी। वह तत्कालीन मुख्यमंत्री की उपसचिव थीं और उनकी तूती बोलती थी। लेकिन, कहते हैं न कि सत्ता का सूरज ढलते ही सितारे भी गर्दिश में आ जाते हैं। ईडी की जांच के बाद उनका करियर, जो कभी बुलंदियों पर था, धड़ाम से नीचे आ गिरा। अब एसीबी-ईओडब्ल्यू की इस कार्रवाई ने यह साबित कर दिया है कि भ्रष्टाचार चाहे कितना भी बड़ा क्यों न हो, कानून का शिकंजा कसना तय है। यह कार्रवाई सिर्फ एक व्यक्ति के खिलाफ नहीं, बल्कि उन सभी लोकसेवकों के लिए एक चेतावनी है, जो पद का दुरुपयोग कर अवैध संपत्ति बना रहे हैं।

एसीबी-ईओडब्ल्यू के अधिकारियों का कहना है कि यह तो बस शुरुआत है। भविष्य में अन्य लोकसेवकों के खिलाफ भी अनुपातहीन संपत्ति के मामलों में इसी तरह की कुर्की की कार्रवाई की जाएगी। यह कदम दिखाता है कि सरकार अब केवल एफआईआर दर्ज कर चुप नहीं बैठेगी, बल्कि भ्रष्ट अफसरों की कमाई हुई संपत्ति को भी जब्त कर सरकारी खजाने में वापस लाने की कोशिश करेगी।

## ईओडब्ल्यू कोर्ट ने 28 आबकारी अफसरों को दी जमानत

**रायपुर,23 सितम्बर 2025।** छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित शराब घोटाला मामले में आरोपी बनाए गए 28 अधिकारी आज ईओडब्ल्यू की विशेष अदालत में पेश हुए. सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के मुताबिक सभी अधिकारी अग्रिम जमानत के कागजात लेकर कोर्ट पहुंचे थे. कोर्ट में 1-1 लाख रुपए का जमानत पट्टा जमा करने पर सभी को जमानत दे दी गई. बता दें कि सभी अधिकारियों को सुप्रीम कोर्ट से अग्रिम जमानत पहले ही मिल चुकी है. ईओडब्ल्यू के मुताबिक, छत्तीसगढ़ में 32 सौ करोड़ रुपए का शराब घोटाला हुआ है. इस मामले में आबकारी विभाग से जुड़े 29 अफसरों को ईओडब्ल्यू ने आरोपी बनाया है और उसके खिलाफ चालान पेश किया था. 29 अफसरों में से 7 रिटायर हो चुके हैं. बाकी बचे 22 अधिकारियों को सरकार ने निलंबित कर दिया है. इन पर 2019 से 2023 के बीच 90 करोड़ रुपए की अवैध वसूली करने का आरोप है. हाईकोर्ट से 18 अगस्त को अग्रिम जमानत याचिका खारिज होने पर सभी अफसरों ने सुप्रीम कोर्ट में जमानत याचिका लगाई थी।

मामले की सुनवाई के बाद सुप्रीम कोर्ट ने सभी 28 अफसरों को शर्तों के साथ जमानत दे दी थी. आज सभी अग्रिम जमानत के कागजात लेकर ईओडब्ल्यू की विशेष अदालत में पेश हुए. वर्ष 2019 से 2023 के बीच राज्य के 15 बड़े जिलों में पदस्थ आबकारी अधिकारी और अन्य प्रशासनिक पदाधिकारियों द्वारा बिना ड्यूटी चुकाई गई देसी शराब की शासकीय दुकानों में समानांतर अवैध बिक्री की गई।

## आईएएस अफसरों ने बनाया फर्जी एनजीओ 1 हजार करोड़ रुपए का गबन,सीबीआई जांच



**रायपुर,23 सितम्बर 2025।** बिलासपुर हाईकोर्ट ने फर्जी एनजीओ मामले में कार्रवाई करने के निर्देश सीबीआई को दिए है, यानि अब फर्जी एनजीओ की जांच सीबीआई करेगी, बताया जा रहा है कि आईएएसअफसरों ने कांग्रेस शासन में फर्जी एनजीआ बनाया था, जिसकी आड़ में एक हजार करोड़ का घोटाला किया है। फर्जी एनजीओ मामले में रिटायर्ड आईएएस विवेक ढांढ और एमके राउत का नाम आया है। एमके राउत छत्तीसगढ़ के तेजतर्रार आईएएस रहे हैं। वे रायपुर व बिलासपुर के कलेक्टर के अलावा कई महत्वपूर्ण विभागों के सचिव रह चुके हैं। वे अतिरिक्त मुख्य सचिव के पद से रिटायर हुए थे। मूलतः ओडिशा के राउत 1984 बैच के आईएएस थे। विवेक ढांड 1981 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। वह छत्तीसगढ़ के मूल निवासी हैं। ढांड 1 मार्च 2014 को राज्य के मुख्य सचिव बने थे। उनके नाम सबसे लंबे समय तक मुख्य सचिव बने रहने का रेकॉर्ड है। वह 3 साल 7 महीने से ज्यादा समय तक राज्य के मुख्य सचिव रहे। विवेक ढांड भूपेश बघेल की सरकार में नवाचार आयोग के अध्यक्ष पद पर काम कर चुके हैं। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार जाने के बाद उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। बता दें कि बीते 4 महीने पहले फर्जी एनजीओ बनाकर सीएसआर फंड से करोड़ों का ठेका दिलाने के नाम पर 15 राज्यों में 150 करोड़ की ठगी करने वाले गिरोह के मास्टरमाइंड रत्नाकर उपाध्याय और संस्था की डायरेक्टर अनिता उपाध्याय को जशपुर पुलिस ने दिल्ली से गिरफ्तार किया था।

## ध्वनि प्रदूषण पर हाईकोर्ट सख्त,सीसीटीवी से निगरानी कर सकता है प्रशासन उधर छग कोलाहल नियंत्रण अधिनियम की वैधानिकता पर उठा सवाल



**बिलासपुर,23 सितम्बर 2025।** हाईकोर्ट ने ध्वनि प्रदूषण को लेकर दायर जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान राज्य सरकार को सख्त निर्देश दिए हैं। अदालत ने मुख्य सचिव को आदेश दिया है कि ध्वनि प्रदूषण नियत्रण के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं। त्योहारों और जुलूस के दौरान सीसीटीवी कैमरे से निगरानी रखी जा सकती है ताकि प्रदूषण नियमों का उल्लंघन होने पर सुबूत उपलब्ध हो। दूसरी तरफ संविधान प्रशिक्षक और एक्टिविस्ट बीके मनीष ने इस मुद्दे पर कहा है कि ध्वनि प्रदूषण को लेकर पुलिस की कथित गैर-कानूनी जुर्माना-वसूली को बढ़ावा देने के बजाए राहत और मुआवजे पर पर जोर देना ज्यादा जरूरी है।

### गृह विभाग के पास विचाराधीन है मसौदा

चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा, और जस्टिस बीडी गुरू बैंच ने ध्वनि प्रदूषण को लेकर समाचार पत्र की एक रिपोर्ट के आधार पर स्वतः संज्ञान लेकर सुनवाई की थी। सुनवाई के दौरान सरकार की तरफ से कहा गया कि राज्य सरकार ने कोलाहल नियंत्रण अधिनियम, 1985 में संशोधन के लिए जनवरी 2025 में एक पांच सदस्यीय समिति गठित की थी। समिति का दायित्व था कि वह अधिनियम की तुलना ध्वनि प्रदूषण अधिनियम, 2000 से करे और जरूरी बदलाव सुझाए। समिति की कई बैठकें हुईं, जिनमें 29 मई, 14 अगस्त और 15 सितंबर 2025 की बैठकें प्रमुख रहीं। इन बैठकों में मसौदा संशोधनों पर चर्चा की गई। वर्तमान में यह मसौदा गृह विभाग के पास विचाराधीन है और विभाग द्वारा अंतिम राय देने के बाद संशोधन प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी।

### सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित रखें जाएं

सुनवाई के दौरान हस्तक्षेपकर्ता की ओर से सुझाव दिया गया कि रायपुर जिले में त्योहारों के दौरान लगाए गए 783 सीसीटीवी कैमरों की मदद से शोर प्रदूषण उल्लंघनों की निगरानी की जा सकती है। अदालत ने इस सुझाव पर सहमति जताई और निर्देश दिया कि त्यौहार व जुलूसों के दौरान सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित रखा जाए, ताकि शोर प्रदूषण नियमों का उल्लंघन होने पर सबूत उपलब्ध हों।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)